दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 68 | जयपुर, शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024 | माघ, शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

अब होगा कल्किधाम का शिलान्यास



## आस्था का अमृतकाल

विनायक शर्मा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में पश्चिमी एशिया के सबसे बड़े हिंदू मंदिर में पूजा के साथ उद्घाटन कर करोड़ों सनातनधर्मियों को गौरव करने का अवसर प्रदान किया। यह अमृतकाल की आस्था के बढ़ते कदमों की नई बानगी है। वैसे, जब 2021 में आजादी के अमृत महोत्सव यानी 75 वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार 'अमृतकाल' शब्द का प्रयोग किया, तो यह तो सभी के जहन में आ गया था कि यह शब्द आने वाले वर्षों में बड़े तथा महान बदलाव का प्रतीक बनने वाला है। अलबत्ता, तब शायद ही किसी ने कल्पना की थी कि इस अमृतकाल में जहां विकास नई ऊंचाइयां छूने लगेगा, वहीं बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ विश्व में सनानत धर्म के प्रति आस्था का सैलाब भी उमड़ेगा। अभी एक महीना भी नहीं हुआ, 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में की, तो सनातन का 500 साल का सपना सच हो गया। इसी के साथ सनातन की ज्योति पूरे विश्व में देदीप्यमान हुई, विशेषतः विश्वभर में बसे भारतीय मूल के लोगों का सीना गौरव से चौड़ा हो गया। 'सनातन' का अर्थ ही है-शाश्वत या 'सदा बना रहने वाला', अर्थात् जिसका न आदि है... न अन्त। बहरहाल, इस आस्था के अमृतकाल की पदचाप 8 मार्च 2019 के दिन तब सुनाई दी थी, जब प्रधानमंत्री मोदी ने 5 हजार स्क्वायर फुट के काशी विश्वनाथ परिसर का शिलान्यास किया था। फिर, 13 दिसंबर 2021 को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण किया। इसके बाद पीएम मोदी ने 11 अक्टूबर 2022 को उज्जैन में महाकाल मंदिर के कॉरिडोर को भोले के भक्तों को समर्पित कर इस सिलसिले को आगे बढ़ाया।

उधर, तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में बांके बिहारी कॉरिडोर के निर्माण की तैयारी है, कोर्ट की हरी झंडी भी मिल गई है। इसमें 262 करोड़ रुपए लागत आएगी। इसे 5 एकड़ से ज्यादा जगह पर तैयार किया जाएगा, जहां 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालु एक बार में दर्शन कर सकेंगे। यहां श्रद्धालुओं के लिए विशाल वेटिंग रूम भी होगा। इसके अलावा 5,113 वर्ग मीटर का क्षेत्र खाली छोड़ा जाएगा।

अब इसी 19 फरवरी को यूपी के सम्भल में कल्कि पीठाधीश्वर प्रमोद कृष्णम और आनंदमधाम वृन्दावन के सदगुरु ऋतेश्वर महाराज श्रीकल्किधाम का भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम करवा रहे हैं। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी और यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ शिरकत करेंगे। इस आस्था के अमृतकाल की कड़ी अभी और बड़ी होगी, सनातन धर्म को भविष्य में और गौरव के अवसर मिलेंगे।

अब बात करें अर्थव्यवस्था के अमृतकाल की। दरअसल, भारत अभी विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था है, जिसे इस अमृतकाल में विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में फिलहाल, निरंतर बढ़ती अर्थव्यवस्था और देश की प्रतिष्ठा साल दर साल एक-एक पायदान बढ़नी ही है, इस ट्रैक पर चल भी पड़ी है। इसे 2027 तक 5 ट्रिलियन की विश्व की तीसरी इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य संभवतः निर्धारित अवधि से पूर्व ही पूरा हो जाएगा। ऐसे संकेत अभी से मिलने लगे हैं।

कतर के सबसे शक्तिशाली इंसान अमीर तमीम बिन हमद ने किया मोदी का ग्रैंड वेलकम

# 8 भारतीयों की रिहाई पर 'शुक्रिया' कहने कतर पहुंचे मोदी

एजेंसी | दोहा

यूएई की यात्रा के बाद कतर के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के सबसे शक्तिशाली इंसान अमीर तमीम बिन हमद से मुलाकात की है। यह वही अमीर हैं जिनके साथ पीएम मोदी की एक मुलाकात के बाद भारत के पूर्व नौसैनिकों की रिहाई का रास्ता साफ हो गया था। कतर के अमीर ने पीएम मोदी का रेड कारपेट वेलकम किया।

पीएम मोदी को कतर की सेना के गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पीएम मोदी और कतर के अमीर के बीच काफी देर बातचीत भी हुई। यह मुलाकात पूर्व भारतीय नौसैनिकों की रिहाई के अलावा अरबों डॉलर की एलएनजी डील के बाद हुआ है जो अगले कई साल भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगा। दोहा एयरपोर्ट पर कतर के विदेश राज्य मंत्री राज्य मंत्री सुल्तान बिन साद अल-मुरैखी ने पीएम मोदी की अगवानी की। प्रधानमंत्री ने कतर के अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की। दोनों के बीच ट्रेड, निवेश, ऊर्जा और फाइनेंस जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।



### अमीर के दखल के बाद हुए थे रिहा

कतर ने हाल ही में भारत के आठ पूर्व नौसैनिकों को रिहा किया है। यह सभी पूर्व नौसेना अधिकारी बीते 16 महीने से कतर की जेल में बंद थे। इन पूर्व नेवी ऑफिशिल्स को एक निजी कंपनी ने हायर किया था। सभी पूर्व अफसरों को कथित तौर पर जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इन्हें कतर की अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। हालांकि, भारत सरकार की कोशिशों के कारण इन अफसरों की सजा पहले उम्र कैद में बदल दी गई। बाद में कतर के अमीर के दखल देने के बाद सभी पूर्व अफसरों को रिहा कर दिया गया।

### भारतीयों ने किया गर्मजोशी से स्वागत

दोहा एयरपोर्ट से निकलते ही पीएम मोदी का वहां मौजूद भारतीयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने भारतीय लोगों का अभिभावदन स्वीकार किया। उनसे हाथ मिलाया।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सर्वसम्मति से सुनाया फैसला

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाया चुनावी बॉन्ड पर बैन

## SBI को बताना होगा 5 साल में किस-किस ने कब-कब खरीदे इलेक्टोरल बॉन्ड

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया और कहा कि ये संविधान द्वारा प्रदान की गई सूचना के अधिकार और बोलने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करती है। दूरगामी परिणाम वाले इस ऐतिहासिक फैसले में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को छह वर्ष पुरानी योजना में दान देने वालों के नामों की जानकारी निर्वाचन आयोग को देने के निर्देश दिए गए। इसमें कहा गया कि जानकारी में यह भी शामिल होना चाहिए कि किस तारीख को यह बॉन्ड भुनाया गया और इसकी राशि कितनी थी। साथ ही पूरा विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा की पांच जजों की संविधान पीठ ने योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दो अलग-अलग लेकिन सर्वसम्मत फैसले सुनाए। इस फैसले को केंद्र सरकर के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पिछले साल 2 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।




### सरकार रिव्यू पिटिशन दायर कर सकती है?

जानकारों का मानना है कि सरकार के पास इस मामले में रिव्यू पिटिशन दायर करने का विकल्प है। सरकार की तरफ से रिव्यू पिटिशन दाखिल करने पर उसकी सुनवाई होगी। खास बात है कि रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई वहीं बेंच करती है जिसने इस मामले में फैसला सुनाया होता है। रिव्यू पीटिशन पर सुनवाई खुली अदालत में नहीं होती है। इस मामले में संबंधित जज अपने चैंबर में ही पिटिशन पर विश्लेषण करते हैं। यदि जजों को लगता है कि इस मामले में खुली अदालत में सुनवाई होनी चाहिए तो वह इस मामले में खुली अदालत में भी सुनवाई हो सकती है।

### क्या SC का बदल जाएगा फैसला?

इस संबंध में लीगल एक्सपर्ट का कहना है कि रिव्यू पिटिशन में फैसला बदला जा सकता है। हालांकि, पिछले मामलों के आधार पर देखें तो ऐसा बहुत कम होता है कि जज अपने सुनाए गए फैसलों को रिव्यू पीटिशन के बाद बदलते हैं। जानकारों के अनुसार करीब 90 से 95 फीसदी मामलों में सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पीटिशन के आधार पर फैसले नहीं बदले गए हैं। हालांकि, सरकार के पास रिव्यू पीटिशन के अलावा क्यूरिटिव पीटिशन का भी विकल्प है।

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कुरैशी बोले...

### चुनावी बॉन्ड पर रोक लोकतंत्र के लिए वरदान

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने चुनावी बॉन्ड्स पर दिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लोकतंत्र के लिए एक बड़ा वरदान बताया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला अभूतपूर्व और ऐतिहासिक है। मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला एक बार फिर लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती देगा। इसके साथ ही उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के चंदा जुटाने के तौर-तरीके और डोनर्स की सीक्रेसी को लेकर गंभीर सवार उठाए हैं। कुरैशी ने कहा कि अब कोर्ट के आदेश पर पिछले दो-तीन सालों में मिला पूरा चंदा लौटाया जाएगा।

**2018 में मोदी सरकार लाई थी बॉन्ड स्कीम:** राजनीतिक दलों द्वारा चंदा जुटाने की यह योजना मोदी सरकार ने 2 जनवरी, 2018 को लॉन्च की थी। इसे नकद दान के विकल्प के तौर पर पेश किया गया। ताकि राजनीतिक दलों की फंडिंग में ज्यादा पारदर्शिता लाई जा सके। योजना के प्रावधानों के अनुसार, चुनावी बॉन्ड भारत के किसी भी नागरिक या देश में निगमित या स्थापित इकाई द्वारा खरीदा जा सकता है। कोई भी व्यक्ति अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बॉन्ड खरीद सकता है।

### गहलोत ने फैसले का किया स्वागत

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ने भ्रष्टाचार को बढ़ाने का काम किया। इसने राजनीतिक चंदे की पारदर्शिता को खत्म किया और सत्ताधारी पार्टी भाजपा को सीधे लाभ पहुंचाया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने यह साबित कर दिया है कि इलेक्टोरल बॉन्ड एनडीए सरकार का एक बड़ा घोटाला है। यह फैसला देर से आया पर देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए बेहद ही जरूरी फैसला है।



तीन साल में खर्च होंगे 2,000 करोड़

## प्रदेश को मिलेगी 1000 किमी. स्टेट हाईवे की सौगात



बेधड़क | जयपुर

डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा कि प्रदेश में 1000 किमी के स्टेट हाईवे का निर्माण किया जाएगा। करीब 2000 करोड़ की लागत से आगामी तीन सालों में यह कार्य किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना के अनुरूप प्रदेश में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। प्रदेश में मजबूत सड़क तंत्र स्थापित करने की दिशा में यह 1000 किमी के स्टेट हाईवे मील का पत्थर साबित होंगे। इससे दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों/कस्बों की सीधी कनेक्टिविटी बड़े बाजारों एवं एक्सप्रेस वे तक होगी। इससे प्रदेश के दूरदराज के लोगों को बेहतर शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य सेवाएं प्राप्त करने के लिए अति उत्तम सड़क कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। साथ ही किसानों की पहुंच बड़े बाजारों तक सीधी होने से मोदी की गारंटियों को मूर्त रूप मिलेगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि इस परियोजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए विश्व बैंक मिशन 28 फरवरी से 8 मार्च तक प्रदेश के दौरे पर रहेगा।

## 11 आईएएस के तबादले ढाका दूदू के कलेक्टर

बेधड़क | जयपुर

राज्य सरकार ने गुरुवार को 11 आईएएस अफसरों के तबादले किए हैं। इसमें सुषमा अरोड़ा और इंद्रजीत सिंह को फिर से पुरानी जगह लगाया है। दो दिन पहले ही इनका तबादला किया गया था, लेकिन सरकार ने फिर से उन्हें पुरानी जगह भेज दिया। सुषमा अरोड़ा को दो दिन पहले एमडी डेयरी फेडरेशन के पद से हटाकर एमडी रीको और कमिश्नर डीएमआईसी लगाया था। इसके साथ ही इंद्रजीत सिंह को कमिश्नर सूचना प्रौद्योगिकी से हटाकर कमिश्नर हाउसिंग बोर्ड लगाया था। फिर से उनका तबादला कमिश्नर, सूचना प्रौद्योगिकी के पद पर कर दिया गया। सरकार ने चार जिलों के कलेक्टर भी बदले हैं। श्रुति भारद्वाज को कलेक्टर डीग, हनुमान मल ढाका को कलेक्टर दूदू, शरद मेहरा को कलेक्टर नीमकाथाना और अर्तिका शुक्ला को कलेक्टर खैरथल-तिजारा लगाया गया है। वहीं नकाते शिवप्रसाद मदन को एमडी रीको और कमिश्नर डीएमआईसी, निक्य गोहैन को संयुक्त शासन सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग, इकबाल खान को कमिश्नर चिकित्सा शिक्षा विभाग, संचिता विश्नोई को सचिव राज्य निर्वाचन आयोग और नारायण सिंह को एमडी राजफैड के पद पर लगाया गया है।

## देवनारायण जयंती आज स्कूलों में रहेगा अवकाश

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल्स में देवनारायण जयंती पर शुक्रवार को अवकाश रहेगा। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने एक आदेश जारी किया है। हालांकि राज्य सरकार ने पहले से ही अवकाश की घोषणा कर रखी है। दरअसल, शिक्षा विभाग के वार्षिक कलेंडर में अवकाश की सूचना नहीं थी। ऐसे में शिविरा पंचांग में ही संशोधन करते हुए देवनारायण जयंती पर अवकाश की घोषणा की गई है। इसी संबंध में राज्य सरकार ने भी अवकाश की घोषणा पूर्व में कर रखी है। शिविरा पंचांग में इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण आदेश जारी करते हुए शिक्षा विभाग ने अवकाश की घोषणा की ।

किसान आंदोलन का तीसरा दिन: आज भारत बंद का आह्वान

# एमएसपी के बाद अब किसानों के 'भारत बंद' को मिला कांग्रेस का साथ

एजेंसी | नई दिल्ली

किसानों के दिल्ली कूच का गुरुवार को तीसरा दिन रहा। तीसरे दिन भी अंबाला के शंभू बॉर्डर और जींद के दाता सिंह वाला बॉर्डर पर किसान डटे हुए हैं, जिसके चलते तनाव के हालात है। इस बीच सरकार ने किसानों की मांगों पर चर्चा करने के लिए चंडीगढ़ में बैठक बुलाई। इसमें केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अर्जुन मुंडा, नित्यानंद राय और पंजाब के सीएम भगवंत मान बैठक में शामिल रहे, लेकिन कई दौर के बातचीत के बाद भी किसानों की मांगों पर कोई सहमति नहीं बन पाई। उधर, हरियाणा-पंजाब में किसानों के प्रदर्शन के बीच संयुक्त किसान और किसान मजदूर मोर्चा ने शुक्रवार को भारत बंद का ऐलान किया है। ग्रामीण इलाकों में शुक्रवार सुबह 6 से शाम 4 बजे तक ट्रांसपोर्ट, प्राइवेट ऑफिस, दुकानों के साथ खेती से जुड़े कामकाज और मनरेगा के अंतर्गत काम बंद रहेंगे। अनाज और फल-सब्जी मंडियां बंद रखी जाएंगी। इस दौरान लोगों को आवाजाही के साथ सब्जी, दूध और राशन जैसी अन्य जरूरतों के लिए मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है।



### कांग्रेस ने किया बंद का समर्थन

विपक्षी दल कांग्रेस ने किसानों के भारत बंद का समर्थन किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने X पोस्ट में लिखा- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, किसानों व नागरिक संस्थानों द्वारा घोषित ग्रामीण भारत बंद का समर्थन करती है। मोदी सरकार ने देश के 62 करोड़ अन्नदाता किसानों को झूठ, धोखा, उत्पीड़न और अन्याय के अलावा कुछ नहीं दिया है।

### पंजाब में रेलवे ट्रैक पर 'हल्ला-बोल'



भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां ने गुरुवार दोपहर 12 से चार बजे तक पंजाब में ट्रेन रोककर केंद्र सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां ने सुनाम रेलवे स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन किया। इस दौरान सैंकड़ों किसान और महिलाओं ने रेलवे ट्रैक पर धरना दिया। जिला अध्यक्ष अमरीक सिंह और महासचिव दरबारा सिंह के नेतृत्व में हुए आंदोलन में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां शामिल हुए। किसान आंदोलन के चलते डिवीजन में चार ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैं, जबकि सात ट्रेनें शार्ट टर्मिनेटेड, पांच शॉर्ट ओरिजिनेट, पांच ट्रेनें पुनर्निधारित व 12 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं।

## जरूरी खबर

### सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा 25 को




**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सांख्यिकी अधिकारी (सांख्यिकी विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 का आयोजन 25 फरवरी को अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालयों पर सुबह 11 से दोपहर 1.30 बजे तक किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थी शुक्रवार से एसएसओ पोर्टल में लॉगिन कर परीक्षा के लिए आवंटित जिले की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। प्रवेश-पत्र परीक्षा दिनांक से 3 दिन पूर्व आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। परीक्षा केन्द्र पर एक घंटा पूर्व प्रवेश दिया जाएगा।

### वरिष्ठ पत्रकार हीरेन और आनंद सीएमओ में तैनात

**जयपुर।** राज्य सरकार ने वरिष्ठ पत्रकार हीरेन जोशी और आनंद शर्मा को मुख्यमंत्री कार्यालय में नियुक्त दी है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार हीरेन जोशी को मुख्यमंत्री कार्यालय में मीडिया सलाहकार तो आनंद शर्मा को मीडिया समन्वयक बनाया गया है। दोनों को एक वर्ष के लिए या अन्य आदेश जारी होने तक तैनात किया है। गौरतलब है कि दोनों शख्सियतों को पत्रकारिता का अच्छा अनुभव रहा है। वे कई प्रतिष्ठित संस्थाओं से जुड़े रहे हैं। वहीं सीएमओ में ही सतीश सरीन को जन समन्वय अधिकारी बनाया गया है।

### सिंह ने संभाला कर बोर्ड अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार



**जयपुर।** राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर के अध्यक्ष पद का गुरुवार को अतिरिक्त कार्यभार संभाला। इस मौके पर उन्होंने बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिकारियों ने कर बोर्ड में राजस्थान मूल्य परिवर्तित कर अधिनियम, राजस्थान मुद्रांक अधिनियम तथा राजस्थान आबकारी अधिनियम के लंबित प्रकरणों से अध्यक्ष को विस्तार से अवगत कराया। सिंह ने बैठक में कर बोर्ड में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनका समयबद्ध एवं विधि अनुरूप त्वरित निस्तारण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में राजस्थान कर बोर्ड के सदस्य हेमंत जैन, राजकुमार एवं सहायक रजिस्ट्रार डॉ. हेमलता पालीवाल आदि उपस्थित रहे।

---

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अयोध्या के लिए रवाना की रोडवेज बसें**

# राम हमारे रोम-रोम में, अयोध्या बड़ा सांस्कृतिक केंद्र: भजनलाल

**बेधड़क** | जयपुर




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भगवान श्री राम हमारे रोम-रोम में बसते हैं तथा वे करोड़ों भारतीयों की आस्था के केंद्र हैं। अयोध्या दुनिया का बड़ा सांस्कृतिक केंद्र बन चुका है।

यह बात मुख्यमंत्री ने गुरुवार को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास से राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से जयपुर सहित सात संभागों से अयोध्या जाने वाली रोडवेज बसों को हरी झंडी दिखाने के दौरान कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश से अयोध्याधाम जाने वाले सभी यात्रियों का पंजीकरण किया जाए तथा यात्रियों के लिए सभी माकूल व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारी नियुक्त करें, जिससे दर्शनार्थियों को किसी भी तरह की समस्या ना हो।

शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई तब राज्य सरकार ने यह घोषणा की थी कि अयोध्या के लिए हवाई सेवा तथा राज्य के सात संभागों से बस सेवा प्रारंभ की जाएगी। इसी क्रम में अयोध्या के लिए हवाई सेवा शुरू किए जाने के बाद आज जयपुर सहित सात संभागों से अयोध्या के लिए बस सेवा भी शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सांसद श्री सी.पी. जोशी, विधायक कालीचरण सराफ, बालमुकुन्दाचार्य, जितेन्द्र गोठवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन श्रेया गुहा, प्रबंध निदेशक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम नथमल डिडेल सहित विभागीय अधिकारीगण तथा आमजन उपस्थित थे।

### तिलक लगाकर यात्रियों को किया रवाना

सीएम शर्मा ने विधिवत मंत्रोच्चारण और पूजन के बाद अयोध्याधाम जाने वाली बसों को रवाना किया। उन्होंने सभी यात्रियों को गंगाजल, सुंदरकांड, रामरक्षा स्रोत सहित खाद्य सामग्री के किट वितरित किए और तिलक लगाकर यात्रियों को यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान सीएम और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने बस में जाकर यात्रियों से मुलाकात की। सीएम ने सभी को अयोध्या यात्रा की शुभकामनाएं दी। लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। इनके अलावा आज एक-एक बस जोधपुर, भरतपुर और उदयपुर से रवाना की गईं। जयपुर से रवाना हुई 6 बसों में 3 जयपुर संभाग की थीं जबकि एक-एक बस कोटा, बीकानेर और अजमेर संभाग की थी। जयपुर से अयोध्या धाम की दूरी 771 किमी है। बस का प्रति व्यक्ति किराया 1079 रुपए है। जयपुर से जाने वाली बस भरतपुर, आगरा, लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंचेंगी। अब जयपुर, भरतपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर और कोटा संभाग से रोजाना एक-एक बस अयोध्या जाएगी।

### ऑनलाइन रिजर्वेशन की सुविधा

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से 7 संभाग मुख्यालयों से अयोध्या के लिए संचालित की गईं रोडवेज बसों के लिए ऑनलाइन आरक्षण की सुविधा शुरू की है। वेबसाइट rsrtconline.rajasthan.gov.in पर रिजर्वेशन किया जा सकता है। निगम की ओर से यात्रियों को बसों की जानकारी देने के लिए संबंधित सेंट्रल कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर भी जारी किए हैं। जयपुर मुख्यालय के मोबाइल नंबर 9549456745, 0141-2373044 और शिकायत संबंधी टोल फ्री नंबर 1800-2000-103 पर बात की जा सकती है।

---

**'विकसित भारत विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे**

# पीएम आज प्रदेश को देंगे 17 हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे लोकार्पण



**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी जेईसीसी सीतापुरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 17 हजार करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इस दौरान योजनाओं उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे।

ये परियोजनाएं सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत ट्रांसमिशन, पेयजल तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित हैं। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिलों में लगभग 200 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम जयपुर में होगा।राज्यव्यापी कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाखों लाभार्थी शामिल होंगे। कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री, कई मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

योजनाओं में प्रधानमंत्री प्रदेश में 5 हजार करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री 8-लेन दिल्ली-मुंबई ग्रीन फील्ड अलाइनमेंट (एनई-4) के तीन पैकेजों यानि बौंली-झालाई रोड से मुई विलेज सेक्शन तथा हरदेवगंज गांव से मेज नदी सेक्शन और तकली से राजस्थान व मध्य प्रदेश सीमा तक का सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। ये सेक्शन क्षेत्र में तेज और बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री काया गांव में एनएच-48 के दक्षिणपुर-शामलाजी सेक्शन के साथ देबारी में एनएच-48 के चित्तौड़गढ़-उदयपुर राजमार्ग खंड को जोड़ने वाले 6-लेन ग्रीनफील्ड उदयपुर बाईपास का भी उद्घाटन करेंगे। यह बाईपास उदयपुर शहर की भीड़भाड़ कम करने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री कई अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे जो राजस्थान के झुंझुनू, आबू रोड और टोंक जिलों में सड़क आधारभूत संरचना में सुधार करेंगी।

### खातीपुरा रेलवे स्टेशन का करेंगे लोकर्पण

प्रधानमंत्री 'खातीपुरा रेलवे स्टेशन' को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस रेलवे स्टेशन को जयपुर के लिए एक सेटेलाइट स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है और यह 'टर्मिनल सुविधा' से लैस है। पीएम भगत की कोठी में वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की रख-रखाव सुविधा, खातीपुरा जयपुर में वंदे भारत, एलएचबी आदि सभी प्रकार के रेकों का रख-रखाव, हनुमानगढ़ में ट्रेनों के रख-रखाव के लिए कोच केयर कॉम्प्लेक्स का निर्माण हुआ है।

### रेलवे परियोजनाएं करेंगे राष्ट्र को समर्पित

प्रधानमंत्री लगभग 2300 करोड़ रुपए की राजस्थान की आठ महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं राष्ट्र को समर्पित करेंगे और उनकी आधारशिला रखेंगे। जिन रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। इसमें जोधपुर-राय का बाग-मेड़ता रोड-बीकानेर सेक्शन (277 किलोमीटर), जोधपुर-फलोदी सेक्शन (136 किमी) और बीकानेर-रतनगढ़-सादुलपुर-रेवाड़ी सेक्शन (375 किमी) सहित रेल मार्गों के विद्युतीकरण के लिए विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं।

### 2100 करोड़ रुपए से अधिक की विद्युत ट्रांसमिशन

पीएम सौर चरण-द्वितीय भाग ए के अंतर्गत राजस्थान (8.1 जीडब्ल्यू) में सौर ऊर्जा क्षेत्रों से बिजली की निकासी के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण योजना, चरण-द्वितीय भाग-बी के अंतर्गत राजस्थान (8.1 जीडब्ल्यू) में सौर ऊर्जा क्षेत्रों से बिजली की निकासी के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण योजना और बीकानेर (पीजी), फतेहगढ़-II और भादला- II में आरई परियोजनाओं को कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम सहित जल जीवन मिशन की 2400 करोड़ रुपए योजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

---

**बाजारों में समस्याओं को लेकर धरना**

# परकोटे के व्यापारी बोले- समाधान नहीं तो करेंगे जयपुर बंद



**बेधड़क** | जयपुर

परकोटे के बाजारों में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को व्यापारियों के सब्र का बांध टूट गया। परेशानी दूर न होने की वजह से व्यापारी सडक़ पर उतर आए और बड़ी चौपड़ पर धरना दिया।

इस दौरान व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि 15 दिन में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो जयपुर बंद करेंगे। जयपुर व्यापार महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केड़िया ने कहा कि अतिक्रमण, ई-रिक्शा और पार्किंग की समस्या है। सैलानी जब बाजार में नहीं रुकेंगे तो व्यापार कैसे बढ़ेगा। एमआइ रोड व्यापार मंडल के महासचिव सुरेश सैनी ने कहा कि परिवहन विभाग, हैरिटेज नगर निगम और यातायात पुलिस मिलकर काम करेंगे, तभी ग्राहकों, व्यापारियों और सैलानियों को राहत मिलेगी। बाजारों में यातायात जाम की समस्या से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। धरने के संयोजक कैलाश मित्तल ने कहा कि 15 दिन में अव्यवस्थाएं दूर नहीं हुई तो जयपुर बंद करेंगे और विशाल रैली निकालकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन देंगे।

सरकार हमारी बात तो सुनना चाहती है, लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। ऑटो रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने आश्वस्त किया कि महासंघ की सहमति पर किराए की नई दर निर्धारित करेंगे और ऑटो रिक्शा मीटर से चलाएंगे। धरने की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने की। जयपुर व्यापार महासंघ के महामंत्री सुरेन्द्र बज, नीरज लुहाडिय़ा, प्रकाश सिंह, मिंतर सिंह राजावत ने भी धरने में मौजूद व्यापारियों को संबोधित किया।

---

**आईटी ट्रेड शो में नामी कंपनियां होंगी शामिल**

# प्रदेश के IT में विकास पर होगा मंथन

**बेधड़क** | जयपुर

झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार से तीन दिवसीय गीकेंन आईटी वॉइस एक्सपो 2024 का सुबह 11 बजे शुभारंभ होगा। एक्सपो में 90 से अधिक नामी नेशनल और इंटरनेशनल कंपनियां भाग लेंगी। यह कंपनियां अपने प्रोडक्ट व सेवाओं के बारे में जानकारी भी देगी।

एक्सपो में टॉक शो, वर्कशॉप और अवार्ड सेरेमनी सरीखें कार्यक्रम भी होंगे। इस दौरान 'आईटी क्षेत्र के व्यापार की उन्नति में राजस्थान के विकास' पर चर्चा होगी। आईटी वॉइस के सीईओ डॉ. तरुण टॉक ने बताया कि पहले दिन 12 बजे सीईओ डिजिटल इंडिया के अमिताभ नाग का मुख्य भाषण होगा।

दोपहर 1 बजे एक्रोनिस से राजेश छाबरा का होस्टिंग सेवा प्रदाता से बैकअप विषय पर सेशन होगा। गीकेंन आईटी ट्रेड शो में राजस्थान के जिले के कई ट्रेड कंप्यूटर और आईटी के ट्रेड एसोसिएशन भी भाग लेंगे।

एक्सपो में 30 से अधिक टॉक शो के माध्यम से और देश के 60 से अधिक आई टी क्षेत्र के विशेषज्ञ वक्ता जैसे केंद्र से डिजिटल इंडिया भाषणी के सीईओ अमिताभ नाग, डिप्लोमेट डॉ. डीपी शर्मा, लता सिंह, हरियाणा सरकार के प्रोजेक्ट डायरेक्टर टाउन एंड प्लानिंग से संजय शर्मा, हिमाचल प्रदेश सरकार से मूल्यांकन विशेषज्ञ डॉ. सत्यवीर सिंह, माइक्रोसॉफ्ट नेरोन, बायविन, एक्रोनिक्स, साइबर एक्सपर्ट अपने विचार रखेंगे।

करीब 12 से अधिक ट्रेड संस्था टॉक शो सेसन में शामिल रहेंगे, जिसमे देश के जाने माने लोग और संस्थाओं के प्रतिनिधि आईटी सेक्टर की उन्नति और नए रोजगार के बारे में चर्चा करेंगे।

---

**यातायात पुलिस कार्मिकों को दी जानकारी**

# सड़क सुरक्षा प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रारंभ

**बेधड़क** | जयपुर



यादगार भवन स्थित सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता कक्ष में यातायात पुलिस एवं आईआरटीई के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा प्रबंधन एवं सड़क दुर्घटना अनुसंधान को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को शुरू हुआ।

पुलिस उपायुक्त यातायात लक्ष्मण दास के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में यातायात पुलिस, थाना पुलिस, एनएचएआई, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम 17 फरवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पुलिस उपायुक्त यातायात लक्ष्मण दास ने उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए यातायात हितधारक विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा प्रबंधन एवं सड़क दुर्घटना अनुसंधान का ज्ञान होना आवश्यक है।

आईआरटीई के निदेशक रोहित बालूजा ने ड्यूटीज ऑफ ड्राइवर एंड राइडर्स, ओवरटेकिंग, स्पीड, राइट ऑफ द वे, लेन ड्राइविंग, पार्किंग आदि नियमों के सम्बंध में प्रतिभागियों को ऑडियो, विजुअल माध्यमों से सड़क पर व्यावहारिक परिस्थितियों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में यातायात पुलिस, थाना पुलिस, एनएचएआई एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

**चिकित्सा विभाग की प्रतुख शासन सचिव ने ली बैठक**

# अंगदान को लेकर बनेगा रोडमैप, प्रत्यारोपण का मजबूत होगा बुनियादी ढांचा

**बेधड़क** | जयपुर



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि राजस्थान भामाशाहों और दानदाताओं का प्रदेश है। दान करना यहां की संस्कृति में रचा-बसा है। विगत दिनों में जिस तरह से यहां अंगदान को लेकर जनचेतना बढ़ी है उससे अंगदान की शपथ लेने में राजस्थान देश में अव्वल है। उन्होंने कहा कि अंगदान करने में भी राजस्थान को अव्वल बनाने के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा।

विभाग की एसीएस सिंह गुरुवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय अंगदान एवं प्रत्यारोपण आमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु के करीब 25 प्रतिशत नागरिकों ने अंगदान का संकल्प लिया है, जो एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अंगदान को लेकर आमजन में एक भावना पैदा हुई है। हमारा प्रयास होगा कि इस भावना को साकार रूप देकर अधिक से अधिक लोगों का जीवन बचाएं। प्रदेश में अंगदान के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाया जा रहा है, ताकि अंगों की मांग और उपलब्धता के अंतर को न्यूनतम स्तर पर लाया जाए। हमारा यह भी प्रयास है कि अंगदान करने और प्रत्यारोण करवाने, दोनों की ही प्रक्रिया सरल हो। शुभ्रा सिंह ने कहा कि राजस्थान किसी समय चिकित्सा की दृष्टि से बीमारू श्रेणी में था, लेकिन अब प्रदेश में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### अब बदल रहा माहौल, लोग आ रहे आगे

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने कहा कि अब स्थिति बदली है और लोग आगे आकर अंगदान के लिए संकल्प ले रहे हैं। सरकार प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अंगदान के लिए सुविधाएं विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि अंगदान करने वाले तथा अंग प्राप्त करने वालों के बीच सूचनाओं का समुचित सम्प्रेषण करने के लिए तकनीक आधारित सिस्टम विकसित किए जाने की जरूरत है।

### लोगों में दूर करनी होगी भ्रांतियां

नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन के निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि अंगदान को लेकर अभी भी भ्रांतियों और मिथकों के चलते मृत्यु के उपरांत अंगदान करने वालों की संख्या बेहद कम है। कुल अंगदान में से मात्र 2 प्रतिशत अंगदान ऐसे हैं, जो मृत्यु उपरांत किए गए हैं। मृत्यु के बाद अंगदान को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है कि ब्रेन स्टेम डेड व्यक्ति के परिवारजनों की काउंसलिंग कर उन्हें प्रेरित किया जाए।

### अंगदान प्रोत्साहन की सार्थक पहल

मोहन फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. सुनील श्रॉफ ने कहा कि राजस्थान में अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए सार्थक पहल हुई है। राजस्थान ऐसा पहला प्रदेश है, जहां ड्राइविंग लाइसेंस पर अंगदान की इच्छा प्रकट करने का विकल्प दिया गया है। अब तक 4 लाख लोगों ने ड्राइविंग लाइसेंस के माध्यम से इस संकल्प को अपनाया है। राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी ने कहा कि हर वर्ष 6 लाख लोग सही समय पर अंग नहीं मिलने के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। उन्होंने अंगदान की चुनौतियों और भ्रांतियों के संबंध में भी जानकारी दी। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने आभार व्यक्त किया। इससे पहले संयुक्त निदेशक डॉ. एसएन धौलपुरिया ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला में विभिन्न तकनीकी सत्रों में ब्रेन डेथ आइडेंटिफिकेशन एण्ड सर्टिफिकेशन, ब्रेन डेथ मेंटीनेंस, ट्रांसप्लांट लॉ, किडनी, लिवर, हार्ट एण्ड लंग ट्रांसप्लांट सहित इससे जुड़े विषयों पर गहन चर्चा की गई।

## जरूरी खबर

### राज्यपाल मिश्र से मिले 'शक्तिमान' फेम मुकेश खन्ना



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में महाभारत तथा शक्तिमान धारावाहिक से प्रसिद्ध अभिनेता मुकेश खन्ना ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। खन्ना ने बाद में राजभवन स्थित संविधान उद्यान का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि संविधान को अब तक पढ़ा ही था, पर इसे प्रत्यक्ष देखने का अनुभव अनूठा है। उन्होंने संविधान के विभिन्न भागों के कलात्मक रूपों, संविधान की मूल प्रति पर उकेरी कलाकृतियों के शिल्प का अवलोकन करते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमारी संस्कृति का प्रतिबिंब है। उन्होंने इसे देश की विरल धरोहर बताया। बता दें कि अभिनेता मुकेश खन्ना टीवी पर देश का पहला सुपरहीरो शक्तिमान लेकर आए थे, जो बच्चों के बीच में खासा लोकप्रिय था। अब इस किरदार पर बड़े बजट की फिल्म भी बनने जा रही है, जिसमें रणवीरसिंह शक्तिमान की भूमिका निभाएंगे।

### परकोटे में कार्रवाई जारी, 153 ई-रिक्शा जब्त

**जयपुर।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के दौरान गुरुवार को सहायक पुलिस आयुक्त उत्तर हरि शंकर शर्मा के सुपरविजन में उत्तर क्षेत्र के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार, आलोक पूनिया एवं बुद्वाराम की टीम ने अवैध रूप से बिना दस्तावेजों के चल रहे 153 ई-रिक्शा जब्त किए। साथ ही यातायात नियमों की पालना नहीं करने वाले 344 चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। इसके अलावा जयपुर शहर में 50 ई-रिक्शा जब्त एवं 216 चालकों के चालान किए गए। इस प्रकार जयपुर शहर मे 203 ई-रिक्शा जब्त एवं 560 ई-रिक्शा चालकों के चालान सहित कुल 763 कार्यवाही की गई है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## ऑटो डीड सिस्टम के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में निकाली रैली

# वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार, नहीं हो पाई रजिस्ट्रियां

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में बजट घोषणा की पालना में संपत्ति रजिस्ट्री को ऑटो डीड सिस्टम के माध्यम से लागू करने के फैसले का विरोध शुरू हो गया है। जिले के वकील व डीडराइटर भी इसको लेकर विरोध जता रहे हैं।

गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट में स्थित जयपुर शहर के उप पंजीयक कार्यालयों में वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया। वकीलों ने कलेक्ट्रेट परिसर में रैली निकाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर ऑटो डीड सिस्टम लागू करने का विरोध किया।



**मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा**

रैली निकालने के बाद जयपुर जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, वित्त सचिव, आई जी स्टांप के नाम ज्ञापन दिया। वहीं वकीलों के कार्य बहिष्कार से उप पंजीयन कार्यालय सूने पड़े रहे और रजिस्ट्री नहीं हो पाई। सरकार को भी लाखों रुपए की राजस्व की हानि हुई। मांगे नहीं मानने पर वकीलों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### बनाए जा सकते हैं जाली दस्तावेज

गौरतलब है कि बजट घोषणा में एनिव्हेयर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था के तहत रजिस्ट्री कराने में ऑटो डीड सिस्टम लागू किया गया है। इसमें पक्षकार ही दस्तावेज तैयार कर उप पंजीयक कार्यालय भेजेगा। उसके बाद यह कार्यालय डीड को अप्रूव कर देगा। वकीलों का आरोप है कि इसमें पक्षकार को फोटो और पूर्व दस्तावेज भी अपलोड करना भी जरूरी नहीं है। इससे जाली दस्तावेज भी बनाए जा सकते हैं। इस ऑटो डीड सिस्टम में दस्तावेज वेरीफाई नहीं होंगे।

### खड़ा हो जाएगा रोजी-रोटी का संकट

दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गजराज सिंह के नेतृत्व में वकीलों ने उप पंजीयन कार्यालयों में कार्य का बहिष्कार किया है। गजराज सिंह राजावत ने बताया कि गजराज सिंह ने कहा कि वर्तमान में जो प्रक्रिया चल रही है, उसमें दस्तावेज वेरीफाई हो जाते हैं और रजिस्ट्री स्वीकार कर ली जाती है। ऑटो डीड सिस्टम लागू होने से रजिस्ट्री से जुड़े वकीलों के साथ डीड राइटर, टाइपराइटर, स्टांप वेंडर प्रलेखकर्ता भी बेरोजगार हो जाएंगे। इससे उनके परिवार पर रोजी-रोटी का संकट भी उत्पन्न हो जाएगा।

### वसीयत और पावर ऑफ अटॉर्नी से रजिस्ट्री बंद

गजराज सिंह ने कहा कि एक नई प्रक्रिया भी चालू की गई है, जिसके तहत रजिस्टर्ड वसीयत और पावर ऑफ अटॉर्नी से रजिस्ट्री करना बंद कर दिया गया है। पहले रजिस्टर्ड वसीयत और पावर ऑफ अटॉर्नी से भी रजिस्ट्री होती थी। इससे बुजुर्ग एवं बीमार व्यक्ति पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए रजिस्ट्री करा सकता था। कोई व्यक्ति जिसकी मृत्यु हो चुकी है और वह वसीयत करके गया है, तो वसीयत से रजिस्ट्री उप पंजीयक कार्यालय में बंद कर दी गई है। इससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## कमिश्नर की जनसुनवाई में 70 फीसदी शिकायतें भूमि विवाद की

# थानों में तैनात 12 इंस्पेक्टरों की कार्यशैली सवालों के घेरे में

*एसएचओ के कामकाज का तैयार किया जा रहा है रिपोर्ट कार्ड, चारों जिलों में जनसुनवाई के बाद पुलिस कमिश्नरेट के थानों में होगा फेरबदल*

**ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क**

**जयपुर।** राजधानी में कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद पहली बार शुरू की पुलिस कमिश्नर की जनसुनवाई में थानों की कार्यशैली की पोल खुलने लगी है। जमीन से संबंधित मामलों में थानों की पुलिस की मिलीभगत और जांच में पक्षपात करने की सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही है। अब तक पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ द्वारा की गई जनसुनवाई में 70 फीसदी से ज्यादा शिकायतें जमीन से संबंधित प्रकरणों की आ रही है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने जनसुनवाई के दौरान परिवादी की पीड़ा सुनने के बाद संबंधित एसएचओ, एसीपी और डीसीपी को भी फटकार लगाकर नराजगी जताई है।



### शिकायतों के आधार पर होगा आकलन

सूत्रों ने बताया कि जनसुनवाई में मिलने वाली शिकायतों के आधार पर कमिश्नरेट के पुलिस थानों और एसएचओ के कामकाज का आकलन किया जा रहा है। इसके आधार पर चारों जिलों में जनसुनवाई एक-एक दफा होने के बाद पुलिस कमिश्नरेट के थानों में भारी फेरबदल किया जाएगा। एक दर्जन से ज्यादा इंस्पेक्टरों की कार्यशैली को कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने एक रिपोर्ट तैयार की है। ऐसे इंस्पेक्टरों को थानों से हटाया जाना तय माना जा रहा है। हाल ही में दो इंस्पेक्टरों की लापरवाही सामने आने के बाद में कमिश्नर ने उनको लाइन हाजिर कर दिया था।

> जनसुनवाई में लोगों कई प्रकार की शिकायतें लेकर आ रहे हैं। उन शिकायतों की जांच भी कराई जा रही है। हमारी प्राथमिकता है कि लोगों को राहत मिले सके। जिन पुलिसकर्मियों की कार्यशैली अच्छी नहीं है, उनको थानों से हटाया जाएगा।
>
> **बीजू जॉर्ज जोसफ,** पुलिस कमिश्नर, जयपुर

### 800 से ज्यादा लोग रख चुके अपनी पीड़ा

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने कमिश्नरेट में पहली दफा जनसुनवाई शुरू की है। पहली बार जनसुनवाई साउथ जिले के शिप्रापथ थाने में की गई थी। इसमें साउथ जिले के सभी थानों के परिवादी जनसुनवाई में शामिल हुए थे और कमिश्नर के सामने अपनी पीड़ा रखी थी। इसके बाद में ईस्ट जिले के सभी पुलिस थानों के परिवादियों के लिए जनसुनवाई कोनाता थाने में आयोजित हुई थी। बुधवार को वेस्ट जिले के पुलिस थानों के परिवादियों के लिए जनसुनवाई करधनी थाने में आयोजित हुई। तीन बार पुलिस कमिश्नर द्वारा जनसुनवाई की जा चुकी है।

### कब्जे कराने और FIR दर्ज नहीं करने की भी शिकायतें

जनसुनवाई में पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के सामने लोगों ने पुलिस की मिलीभगत से जमीनों पर कब्जे कराने और ऐसे प्रकरणों में पक्षपात करने के आरोप लगाए हैं। खास बात है कि सरकार ने हर परिवादी की एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी कर रखे हैं, लेकिन अभी भी पुलिस थानों में परिवादी की एफआईआर दर्ज नहीं हो रही है। जोसफ के सामने प्रताड़ित लोगों ने पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं करने की शिकायतें भी की है। हालांकि, कमिश्नर के दखल के बाद उन परिवादियों की एफआईआर दर्ज हुई है।

## विभाग का विशेष अभियान

# महिला पर्यटकों से सामान विक्रेता अब नहीं कर पाएंगे दुर्व्यवहार



**बेधड़क | जयपुर**

अब राजस्थान आने वाली महिला पर्यटकों से कोई दुकानदार या फुटकर विक्रेता दुर्व्यवहार नहीं कर पाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग ने विशेष अभियान चलाया है, जिसके तहत न केवल दुकानदारों को ऐसा नहीं करने के लिए जागरूक किया जाएगा, बल्कि पर्यटकों को भी फीडबैक फॉर्म दिया जाएगा ताकि वे अपने साथ होने वाले व्यवहार की शिकायत कर सकें।

उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी और प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ के निर्देशन में इस विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत राज्य में पर्यटकों को विशेषकर महिला पर्यटकों को सम्मानजनक व सुरक्षित वातावरण देने का दिशा में कार्य किया जाएगा। अतिरिक्त निदेशक राष्ट्रदीप और उप निदेशक पर्यटक सहायता बल (टैफ) नारायण बाजिया और पुलिस के सहयोग से गुरुवार को अल्बर्ट हॉल, हवा महल पर गाइड, आसपास की दुकानदारों से संपर्क कर उन्हें जागरूक किया गया। उन्होंने दुकानदारों और फुटकर सामान बेचने वालों से समझाइश की और उन्हें कहा कि वे अपना सामान बेचें, लेकिन पर्यटकों के साथ शालीनता से व्यवहार करें। अतिरिक्त निदेशक ने अल्बर्ट हॉल पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं को देखा और निर्देश दिए कि पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की सहायता के लिए साइन बोर्ड लगाए जाएं। इस दौरान पर्यटकों को फीडबैक फॉर्म भी वितरित किए गए।

## ग्रेटर में फाइल सिस्टम हुआ ऑनलाइन

# निगम में अब फाइलें नहीं होंगी गुम

**बेधड़क | जयपुर**

नगर निगम ग्रेटर में अब फाइलों के गुम होने की शिकायतें खत्म हो जाएंगी। ऐसा होगा जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए), कलेक्ट्रेट समेत दूसरे विभागों की तरह ऑनलाइन ई-फाइलिंग सिस्टम से। इससे ऑनलाइन ही फाइलों का जनरेशन करके उस पर नोटिंग करने से लेकर तमाम काम कम्प्यूटर के जरिए करके उसका डिस्पोजल तक का काम ऑनलाइन हो गया है। इस तरह का सिस्टम शुरू करने वाला नगर निगम ग्रेटर प्रदेश का पहला निकाय बन गया है। यह काम नगर निगम के जोन ऑफिसों और शाखाओं में चालू किया गया है।

निगम की कमिश्नर रुक्मणी रियाड़ ने बताया कि कई ऐसे मामले होते हैं, जिनमें कर्मचारी या दूसरे व्यक्ति जानबूझकर फाइलों को इधर-उधर कर देते हैं। ई-फाइलिंग सिस्टम के होने से ऐसी फाइलों के गुम होने या इधर-उधर होने की शिकायतें भी नहीं रहेगी। नगर निगम सूत्रों के मुताबिक अब से जितनी भी नई फाइलें जनरेट होगी। सब ऑनलाइन होंगी। इसके अलावा ऑफ लाइन फाइलों को भी ऑनलाइन किया जाएगा।

बता दें कि सचिवालय, सीएमओ, जेडीए समेत दूसरे विभागों में ऑनलाइन ई-फाइलिंग सिस्टम शुरू हो गया है। इसका सबसे बड़ा रिजल्ट फाइल डिस्पोजल का औसत समय 24 घंटे से घटकर 8 घंटे से भी कम रह गया है।

## शास्त्री नगर-जगतपुरा में खाद्य विभाग की कार्रवाई

# 230 किलो पनीर, 400 किलो लड्डू फिंकवाए

**बेधड़क | जयपुर**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सीएमएचओ फर्स्ट के दल ने गुरुवार को बेस्ट डेयरी लंकापुरी, शास्त्री नगर के यहां छापा मारकर पनीर, दूध एवं घी के नमूने लिए गए। लगभग 230 किलो दूषित पनीर नष्ट करवाया गया। इसी तरह सीएमएचओ सैकंड के खाद्य सुरक्षा दल के गोमती कॉलोनी विष्णु विहार जगतपुरा जयपुर पर स्थित लड्डुओं के एक कारखाने पर छापामार कार्रवाई की। यहां से लगभग 400 किलो कानपुरी



लड्डू जब्त कर मौके पर ही नष्ट करवाए गए। सीएमएचओ सैकंड डॉ. बीएल मीणा ने बताया कि कारखाने पर बहुत ही गंदे तरीके से एवं अनहाइजीनिक स्थितियों में लड्डू बनाए जा रहे थे। इसमें बेसन के स्थान पर



मैदा का उपयोग किया जा रहा था तथा अखाद्य रंगों का इस्तेमाल भी किया जा रहा था। मौके पर कारखाने पर विजय कुमार मिले। कार्रवाई में सीएमएचओ सैकंड के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, रमेश चंद यादव और अवधेश गुप्ता और नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे। उधर, सीएमएचओ फर्स्ट के दल ने राजस्थान डेयरी बेनाड़ रोड एवं मिल्क फैन आइसक्रीम गंगा पोल जयपुर के विरुद्ध मुख्य मेट्रोपॉलिटिन मजिस्ट्रेट जयपुर में परिवाद दर्ज करवाया गया। सीएमएचओ फर्स्ट डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वाले 10 खाद्य कारोबार कर्ताओं के विरुद्ध प्रकरण न्यायालय में पेश किए जाएंगे।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने सुनी समस्याएं

# विमला देवी को क्लेम मिलेगा और ओम प्रकाश का खुलेगा रास्ता

**बेधड़क | जयपुर**

विमला देवी के लिए गुरुवार का दिन राहत लेकर आया। विमला देवी की फरियाद को जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने न केवल सुना, बल्कि मौके पर ही तहसीलदार जयपुर को क्लेम मामले में दूसरे पक्ष से कुर्की वसूली करने के लिए रवाना करने के निर्देश दिए। इसी तरह गोविंदगढ़ निवासी ओम प्रकाश शर्मा के जमीन विवाद में रास्ता खुलवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

राजपुरोहित कलेक्टर सभागार में गुरुवार को जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान जिला कलेक्टर ने जयपुर व जयपुर ग्रामीण जिले की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की



सुनवाई की समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान 165 परिवादियों के परिवाद सुने, जिनमें से 11 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य प्रकरणों के जल्द निस्तारण के लिए कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विधायक (आमेर) प्रशांत शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद शिल्पा सिंह पुलिस अधीक्षक (जयपुर ग्रामीण) शांतनु कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) दिनेश शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकेश मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) अबू सुफियान, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) अलका विश्नोई, सहायक निदेशक (लोक सेवाएं) सुशीला मीणा, सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### अतिक्रमण और जमीन विवाद के मुद्दे छाए रहे

जनसुनवाई में प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने पेयजल की सप्लाई सुचारू कराने, कृषि भूमि में आवागमन के लिए रास्ता खुलवाने वृद्धावस्था पेंशन, सड़क, आवासीय पट्टा, बनवाने नामांतरण जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजन के प्रति जवाबदेही के साथ समस्याओं का निस्तारण करते हुए राहत देने के निर्देश दिए।

### समिति की बैठक में भी 5 प्रकरणों को निपटारा

जिला जन अभाव अभियोग एवं सर्तकता समिति की बैठक भी गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्तकता समिति में दर्ज प्रकरणों पर ऐजेंडावार चर्चा की। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रथम) दिनेश कुमार शर्मा ने बैठक में विषय वार प्रकरणों को रखा तथा संबंधित अधिकारियों से अब तक की गई कार्यवाही के बारें में चर्चा कर प्रगति रिपोर्ट ली। जिला जयपुर के 4 एवं जयपुर ग्रामीण के 14 प्रकरण सहित कुल 18 प्रकरणों पर चर्चा की गई, जिसमें से 5 प्रकरणों को निस्तारित किया गया। बैठक में विधायक (आमेर) प्रशांत शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) दिनेश शर्मा, जिला जन अभाव अभियोग एवं सर्तकता समिति की सदस्य सचिव निलिमा तक्षक, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकेश मीणा, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**जरूरी खबर**

### कार-बस की टक्कर में महिला व बालिका की मौत



**अलवर।** जिले में लोक परिवहन की बस कार से टकरा गई। हादसे के बाद दोनों वाहन पलट गए। पुलिस ने बताया कि अलवर से रैणीरामपुरा जा रही लोक परिवहन की बस गुरुवार शाम पांच बजे विपरीत दिशा से आ रही कार से टकरा गई। हादसे में परिवार के साथ जा रही महिला सुनीता शर्मा पत्नी ओमप्रकाश निवासी तसई कठूमर और कार सवार बालिका ट्विंकल (12) पुत्री शैलेंद्र कुमार सैनी निवासी खदाना मोहल्ला अलवर की मौत हो गई। बस में सवार 20 यात्रियों को चोट आई है, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### परमाणु नगरी पोकरण में मरु महोत्सव 21 को

**जैसलमेर।** पोकरण परमाणु परीक्षण के बाद विश्व के मानचित्र पर उभरे परमाणु नगरी पोकरण को पर्यटन के मानचित्र पर विशेष पहचान दिलाने के उद्देश्य से जैसलमेर की तर्ज पर पोकरण में भी एक दिवसीय मरू महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 21 फरवरी को होने वाले महोत्सव को सफल बनाने के लिए विधायक महंत प्रतापपुरी ने अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों पर चर्चा की। बैठक में पालिकाध्यक्ष मनीष पुरोहित, एसडीएम गोपाल परिहार, भाजपा नेता गुलाब सिंह गड़ी, बीडीओ रामअवतार यादव सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। आयोजन के तहत क्षेत्र के लोहारकी गांव में भी मरू महोत्सव की संध्या पर कार्यक्रम होगा।

### मलिकपुर में सीएसआर फंड से लगाई रोड लाइट



**चौमूं।** गोविंदगढ़ पंचायत समिति के ग्राम पंचायत मलिकपुर में जनसेवक सायर यादव जडवाल के अनुरोध पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सीएसआर फंड से विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर सोलर लाइट लगवाई गई है। लक्ष्मीनाथ मंदिर, बालाजी मंदिर, शीतला माता मंदिर, तेजाजी मंदिर, लक्ष्मीनाथ गोशाला सेवा समिति, महामाया मंदिर, भोमियाजी मंदिर, रामदेवजी मंदिर, सती माता मंदिर, झाड़ी वाले भेरुजी मंदिर, शिव मंदिर टिब्डी की ढाणी, अग्रवाल, पारीक व कुमावत मोहल्ला, इंदिरा कॉलोनी उगरियावास मलिकपुर रोड स्थानों पर यह लाइटें लगाई गई।

**विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में 4600 स्कूलों के बच्चे हुए शामिल, प्रदेश में सातवें स्थान पर रहा जिला**

# उदयपुर में 5.80 लाख लोगों ने एक साथ किया सूर्य नमस्कार

**बेधड़क** | उदयपुर

प्रदेश के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में गुरुवार को सामूहिक सूर्य नमस्कार आज हुआ। उदयपुर जिले के 4600 विद्यालयों में कुल 5 लाख 80 हजार 283 संभागियों ने सूर्य नमस्कार किया।

मुख्य जिला शिक्षाधिकारी महेंद्र कुमार जैन ने बताया कि सूर्य नमस्कार कार्यक्रमों में विद्यार्थियों के अलावा विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, अभिभावक, जनप्रतिनिधि तथा अन्य विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए। सर्वाधिक संभागियों की भागीदारी की दृष्टि से प्रदेश में उदयपुर जिला सातवें नंबर पर रहा।



माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर से सहायक निदेशक सोनिया शर्मा तथा क्रीडा भारती के सचिव विक्रमसिंह चंदेला ने सूर्य नमस्कार कार्यक्रमों का अवलोकन किया साथ ही स्वयं भी सूर्य नमस्कार किए। एडीईओ डॉ. दिनेश बंसल ने बताया कि सूर्य नमस्कार के दौरान संभागियों को इसके फायदे भी बताए गए। विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि सूर्य नमस्कार को योगासन में सर्वश्रेष्ठ योगासन माना जाता है क्योंकि इसमें 12 योगासनों का फायदा एक साथ मिलता है। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रेजीडेंसी में अलग अलग स्टेप्टस में सूर्य नमस्कार किया।

### यहां मंत्रोच्चारण के साथ हुआ सूर्य नमस्कार

राजकीय फतह स्कूल में सूर्य नमस्कार समारोह कराया गया। संचालन योगेंद्र सिंह भाटी तथा धर्मेंद्र सिंह शक्तावत ने किया। योग प्रशिक्षक सतीश चौधरी तथा अन्य शारीरिक शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को मंत्रोचार के साथ सूर्य नमस्कार करवाया। प्रधानाचार्य चेतन पानेरी, क्रीड़ा भारती के विक्रम सिंह चंदेला बीकानेर शिक्षा निदेशालय से संयुक्त उप निदेशक सोनिया शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र जैन आदि ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार के शारीरिक और आध्यात्मिक महत्व से अवगत करवाया। कार्यक्रम में सुनील गांग, रविंद्र सांदू, नेहा भाटी, निरंजन आमेटा आदि उपस्थित रहे।

### सूर्य नमस्कार के बताए फायदे

अरावली कॉलेज ऑफ नर्सिंग के द्वारा छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाते हुए उन्हें इसके लाभ के बारे में अवगत कराया। प्रिंसिपल देव कृष्ण चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार रोजाना करना चाहिए, इससे आप सभी छात्र-छात्राओं को ऊर्जा मिलेगी और पढ़ाई के प्रति जागरूकता भी आएगी। संस्था के निदेशक गोविंद दीक्षित ने कहा कि सूर्य नमस्कार जीवनी शक्ति का आधार है। गिर्वा तहसील की चंबोरा पंचायत के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सुरफलाया में आज 164 बालक-बलिकाओं ने प्रधानाध्यापक भैरुलाल कलाल के नेतृत्व मे सूर्य नमस्कार किया। इसमें सभी स्टाफ के सदस्य भी शामिल हुए। उदयपुर के कुराबड़ ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिछड़ी में विद्यार्थियों ने खुले मैदान में सूर्य नमस्कार किया।

**नगर निगम में भ्रष्टाचार का अनूठे अंदाज में विरोध... बजट पारित**

# साधारण सभा में नोट और मिठाई लेकर पहुंचे पार्षद, बरपा हंगामा

**■ अधिकारियों पर लगाए जनहित के कार्यों की अनदेखी और भ्रष्टाचार के आरोप**

**बेधड़क** | अजमेर

जिले की नगर निगम में भ्रष्टाचार को एक पार्षद ने अलग ही अंदाज में विरोध दर्ज कराया। निर्दलीय पार्षद दो मिठाई के डब्बे लेकर सदन में पहुंचे। एक डिब्बे में मिठाई और दूसरे में 500 रुपए के नोटों की दो गड्डियां थी।

पार्षद को आरोप था कि निगम में मिठाई और पैसे के बिना काम नहीं होता। इसके चलते बैठक के दौरान जोरदार हंगामा बरपा। बैठक में निगम के पार्षदों ने अपने क्षेत्र की समस्या रखने के साथ ही अधिकारियों पर पत्र का जवाब नहीं देने और जनहित के कार्यो को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया।

बैठक में भ्रष्टाचार, अवैध निर्माण, अनियमितता, अधिकारियों की मनमानी को लेकर भी पार्षदों ने जमकर आवाज बुलंद की। इस दौरान निर्दलीय पार्षद जावेद खान का आरोप था कि ऐसे डिब्बे अधिकारियों को देने से पट्टे मिल जाते हैं और जो नहीं दे पाता हैं, वे निगम के चक्कर लगाते रहते हैं। उसका पट्टा किसी न किसी तरह से अटका दिया जाता है। सदन में दोनों डिब्बे चर्चा का विषय बन गए। मेयर ब्रजलता हाड़ा ने कहा कि मीडिया में प्रचार पाने के लिए पार्षद ने यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि यदि भ्रष्टाचार का कोई सबूत है तो पार्षद लेकर आए संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### 512 करोड़ का बजट पारित

नगर निगम की साधारण सभा के मुख्य एजेंडे पर चर्चा के साथ ही नगर निगम के वार्षिक बजट पर भी सदन में चर्चा हुई। चर्चा के दौरान पार्षदों ने अपने सुझाव रखे। सभी की सहमति से 512 करोड़ रुपए का बजट पारित किया गया। बता दें कि इस बार नगर निगम के बजट में 10 करोड़ रुपए अधिक है। एजेंडे का एक प्रस्ताव पारित हुआ है, जबकि 18 प्रस्ताव पर अभी चर्चा होनी है।



### लोगों की पीड़ा का अहसास हो इसलिए लाए मिठाई-पैसे

सदन में मिठाई का डिब्बा और पैसे दिखाने वाले निर्दलीय पार्षद जावेद खान ने बताया कि उनके वार्ड में लोगों का कहना है कि पट्टे के एवज में 10-10 हजार रुपए लोगों से लिए गए। दो वर्ष से वह अपने ससुर के पट्टे के लिए नगर निगम के चक्कर काट रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बताया कि मिठाई का डिब्बा देने पर पट्टा मिल जाता है। यही वजह है कि सदन में संबंधित कर्मचारी की करतूत को सामने लाने के लिए मिठाई का डिब्बा और पैसे सदन में दिखाए, ताकि उन्हें मेरी पीड़ा का एहसास हो। सदन में पैसे और मिठाई के डिब्बे दिखाने के मामले में नोरत गुर्जर ने कहा कि गहलोत सरकार में पट्टे देने का अभियान शुरू किया गया था। सरकार बदलने के बाद अब पट्टे देने में अधिकारी आनाकानी कर रहे हैं। वहीं, पट्टे की आड़ में भ्रष्टाचार का खेल भी चल रहा है। निर्दलीय पार्षद जावेद खान ने अपनी पीड़ा व्यक्त की है।

### पार्षद सोनी बोले- विरोध का तरीका गलत

नगर निगम के भाजपा पार्षद और शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि निर्दलीय पार्षद जावेद खान ने सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई है. उन्हें आगाह किया गया है कि दोबारा इस तरह की हरकत न करें, इससे सदन के सभी सदस्यों की गरिमा को आघात पहुंचता है। उन्हें किसी अधिकारी या कर्मचारी से शिकायत है, तो वे मेयर को शिकायत कर सकते थे। मीडिया में आने के लिए उन्होंने गलत तरीका अपनाया है। उन्होंने कहा कि शहर के हित में कई मुद्दों को लेकर सदन में चर्चा हुई है। बजट पर भी सकारात्मक चर्चा कर उसे पारित करवा लिया गया है।

**PWD की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल**

# जिस अधिकारी पर भ्रष्टाचार के आरोप, फिर उसे ही पद सौंपा

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले में सत्ता, पावर और कुर्सी हथियाने के लिए लगाए जाने वाले जोड़-तोड़ अक्सर राजनीति में देखने को मिलते हैं. लेकिन कुर्सी का मोह अब सरकारी अधिकारियों पर भी हावी होता दिख रहा है। इसकी बानगी सार्वजानिक निर्माण विभाग खानपुर में इन दिनों देखने को मिल रहा है। इसके चलते प्रशासनिक हलकों में यह मामला सुर्खियों में बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार खानपुर सार्वजानिक निर्माण विभाग में अधिशाषी अभियंता के पद पर कार्यरत अजय सिंह को 11 सितंबर 2023 में विभाग की ओर से एपीओ कर दिया था। तब अधिकारी ने मामला मीडिया में उठने के बाद कुर्सी का मोह छोड़ा था। अजय सिंह के कुर्सी छोड़ने के बाद से ही यह पद रिक्त था।

इसका कार्यभार सहायक अभियंता को दे रखा था। वहीं अब एक बार फिर से इस पद पर वर्तमान में बारां के अधिशासी अभियंता अजय सिंह को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। चर्चा इस बात की है कि जब सिंह अधिशाषी अधिकारी के पद पर आसीन थे तब संवेदको ने उन पर निविदा में धांधली के आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। विभाग के झालावाड़, खानपुर, अकलेरा, भवानी मंडी, चोमेहला, कोलोना डिविजन है, जिनमें 5 अधिशासी अभियंता हैं। इस पर सवाल उठता है कि इन पांचों अधिशासी अभियंता को चार्ज न देकर दूसरे जिले के अधिशासी अभियंता को अतिरिक्त कार्यभार देना कहां तक उचित है। ऐसे में विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

**थानाधिकारी गाजे-बाजे के बीच स्टॉफ के साथ पहुंचे**

## गरीब बेटी का पुलिस ने भरा भात

**बेधड़क** | जालोर

जिले में पुलिस थाना स्टाफ ने एक सफाईकर्मी की बेटी की शादी में 51 हजार रुपए का मायरा भरा। थाने का स्टाफ नाचते-गाते मायरा लेकर विवाह स्थल पर पहुंचा। पुलिस को देख कर एक बार तो सभी लोग खड़े हो गए। इस पर पुलिकर्मियों ने बताया कि वह मायरा लेकर आए हैं। इसके बाद सफाई कर्मचारी के परिवार ने सभी पुलिसकर्मियों का स्वागत किया।

भाद्राजून गांव में सफाई करने वाले भैराराम वाल्मीकि की बेटी संगीता की शादी 14 फरवरी को हुई। सफाईकर्मी की बेटी की शादी में भाद्राजून थानाधिकारी सहित थाने का स्टॉफ मायरा लेकर पहुंचा।



इस दौरान उसके परिजनों ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान थाना प्रभारी सहित समस्त पुलिसकर्मियों ने चुनरी ओढ़ाकर परम्परा का निर्वहन किया। पुलिस ने 55 हजार रुपए नकद व कपड़े भेंट किए। इस मौके थानाधिकारी जीत सिंह सहित जेठाराम, मीठालाल, भैरूसिंह, मोहनलाल, बीरबल राम, घीसाराम, सुरेश डूडी, रणजीत सिंह, मनोहरलाल डारा, जवाहर लाल सहित कई पुलिसकर्मी व स्थानीय लोग मौजूद थे।

**ग्रामीणों ने क्रेन की मदद से शव बाहर निकाले**

## खदान में दबने से दो मजदूरों की मौत

**बेधड़क** | सीकर

जिले में गुरुवार को खाटूश्यामजी इलाके में खदान में पत्थर गिरने से 2 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा खदान से पत्थर निकालने के दौरान हुआ। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों और क्रेन की मदद से दोनों शवों को पत्थरों के नीचे से बाहर निकाला। पुलिस ने खाटूश्यामजी अस्पताल की मोर्चरी में शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपे। यह घटना डुकिया गांव में स्थित एक पत्थर खदान की है। जानकारी के अनुसार, पप्पू गुर्जर निवासी गोवटी और जितेंद्र शेखावत निवासी खातीवास देर रात को गांव डुकिया में स्थित एक खदान से पत्थर निकालने के लिए गए हुए थे। इस दौरान खदान के ऊपरी हिस्से से कुछ पत्थर खिसक गए।



इसके चलते पप्पू गुर्जर और जितेंद्र शेखावत पत्थरों के नीचे दब गए और दोनों के मौके पर ही मौत हो गई। आस-पास के लोगों को गुरुवार दोपहर में घटना का पता चला। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और क्रेन की मदद से दोनों शवों को पत्थरों के नीचे से बाहर निकाला।

**भरतपुर संभाग के यात्रियों को मिलेगा मौका**

# खुशखबरी: तिरुपति बालाजी के दर्शन की आस होगी पूरी

**बेधड़क** | भरतपुर

संभाग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए खुशखबरी सामने आई है। उनकी तिरुपति बालाजी के दर्शन की आस अब पूरी हो सकेगी। वहीं इसका पूरा खर्चा भी राजस्थान सरकार उठाएगी। देवस्थान विभाग भरतपुर संभाग के 172 वरिष्ठ तीर्थ यात्रियों को कोटा से स्पेशल ट्रेन के द्वारा तिरुपति दर्शन के लिए भेजेगा विभाग ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया है।

इसके तहत वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में चयनित वरिष्ठ नागरिकों को तिरुपति बालाजी के दर्शन कराए जाएंगे। इसके लिए उदयपुर से स्पेशल ट्रेन 20 फरवरी को रवाना होगी। ऐसे में अब जिले के वरिष्ठ नागरिकों में यात्रा को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार आगामी 20 फरवरी को कोटा के संगरिया स्टेशन से तिरुपति के लिए जाने वाली रवाना होगी।

ट्रेन में संभाग के जिले भरतपुर, धौलपुर, करौली और सवाई माधोपुर से 172 वरिष्ठ नागरिक देव दर्शन यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेन से रवाना होंगे। चयनित नागरिकों के पास इस दौरान ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी, मूल जन आधार, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो और मेडिकल सर्टिफिकेट होना जरूरी है। यात्रा के दौरान सात दिन तक रहने और खाने की व्यवस्था देवस्थान विभाग की ओर से की जाएगी।



### चयनित यात्रियों को विभाग ने किया सूचित

तीर्थ यात्रा को लेकर देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त कृष्ण कुमार खंडेलवाल ने बताया विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत यह यात्रा करवाई जाएगी। यात्रा के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को किसी प्रकार की तकलीफ नहीं हो इसका भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि भरतपुर संभाग के 172 चयनित यात्रियों को 20 फरवरी को कोटा के संगरिया रेलवे स्टेशन से दर्शन के लिए भेजा जाएगा। इसके लिए तीर्थ यात्रियों को कोटा के संगरिया रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के लिए सूचित कर दिया गया है। वहीं तीर्थयात्रियों से अपनी जरूरत का सामना लाने को कहा गया है।

### स्टेशन पर ही मिलेगा कोच व सीट नंबर

सहायक आयुक्त ने कहा कि तीर्थ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को संगरिया रेलवे स्टेशन पर ही ट्रेन के कोट व सीट नंबर दिया जाएगा। सात दिवसीय यात्रा में रहने खाने सहित समस्त व्यवस्था देवस्थान विभाग की ओर से की जाएगी। यात्रियों को अपनी दैनिक उपयोग की सामग्री, दवाइयां, आवश्यकता अनुसार नकदी और कपड़े लेकर जाना होगा। स्थानीय स्तर पर भी यात्रियों के आवागमन के लिए विभाग की ओर से व्यवस्था की जाएगी।

## बैडमिंटन में कान्हा गुर्जर ने जीता गोल्ड मेडल




**महुवा।** श्रीराम बैडमिंटन एकेडमी में दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का विधायक राजेंद्र मीना ने शुभारंभ किया। एकेडमी के अध्यक्ष इंद्रेश बंसल ने बताया कि प्रतियोगिता में अलवर, भरतपुर, जयपुर, सिकंदरा, मथुरा से करीब 90 खिलाड़ी शामिल हुए। इसमें अंडर-13 में कान्हा गुर्जर रलावता ने गोल्ड मेडल हासिल किया। कान्हा गुर्जर जयपुर के सेंट जोसफ एकेडमी में अध्ययन कर रहा है। और एसएमएस स्टेडियम जयपुर में बैडमिंटन की तैयारी कर रहा है। कान्हा गुर्जर ने जीत का श्रेय कोच यादवेंद्र सिंह और अमन कुमावत को दिया। वहीं अंडर-15 सिंगल में पुष्पेंद्र सैनी, अंडर-15 डबल्स में मृदुल सोनी, दिव्य मिश्रा ने जीत हासिल की। इस तरह से अंडर-17 सिंगल में दिनेश और अंडर-19 में रामवीर ने जीत दर्ज की।

### कानोड़िया कॉलेज के यूथ फेस्ट में अंतिम दिन दिखा जोश और उल्लास का माहौल

# स्टूडेंट्स के लाजवाब टैलेंट को नए आयाम दे विदा हुई 'कस्तूरी'

**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के युवा महोत्सव कस्तूरी-2024 का गुरुवार को रंगारंग समापन हुआ। अंतिम दिन आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्टूडेंट्स का जोश और उल्लास देखने को मिला। अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता जस्ट ए मिनट-जैम में 20 प्रतिभागियों ने अनेक विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस प्रतियोगिता में बियानी गर्ल्स कॉलेज से नसमा राहत प्रथम, महारानी कॉलेज से प्रीति चैधरी द्वितीय एवं राजस्थान कॉलेज से माधव शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप सिंगिंग प्रतियोगिता श्रुतरंग में 20 टीमों ने संगीत के विभिन्न आयामों का प्रदर्शन किया। इसमें कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय प्रथम एवं परिष्कार कॉलेज की टीम द्वितीय स्थान पर रही। 'रसरंग' लोक नृत्य प्रतियोगिता में 7 टीमों ने विभिन्न लोक नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति दी। इसमें महाराजा कॉलेज ने प्रथम, परिष्कार कॉलेज ने द्वितीय एवं कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। 'ट्रेडिशनल टैक्सटाइल्स ऑफ इंडिया' थीम पर आधारित फैशन शो में कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की टीम प्रथम स्थान पर रही।



### स्टाल्स पर उठाया खान-पान का आनंद



युवा महोत्सव के समापन के अवसर पर प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि चार दिवसीय महोत्सव में शहर के लगभग सभी शिक्षण संस्थानों से प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाया है। सहशैक्षणिक गतिविधियों में इस तरह के आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा के लिए सुनहरा अवसर मिलता है। मेले के अतंर्गत हस्तनिर्मित आभूषण, विभिन्न परिधान व खाने-पीने की 24 स्टॉल लगाई गई। प्राध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने मेले का भरपूर लुत्फ उठाया।

## Yuva स्टोरीज

### छात्राओं ने किया सूर्य नमस्कार का अभ्यास



**जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं क्रीड़ा भारती राजस्थान की ओर से गुरुवार प्रात: सूर्य सप्तमी के उपलक्ष्य में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। क्रीड़ा भारती के संयोजक मेघसिंह ने भगवान सूर्य की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि सूर्यनारायण के कारण मानव शरीर में प्राण शक्ति का सृजन होता है। सूर्य नमस्कार से शरीर के अंग-प्रत्यंग को ओज, बल व लचीलापन प्राप्त होता है। बुद्धि के विकास के साथ मन की शक्ति का विकास भी सूर्य नमस्कार से साध्य होता है। इसके बाद सभी छात्राओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। सभी छात्राओं को इस गौरवमयी अस्मिता को अधिक प्रखर बनाने एवं रोजाना सूर्य नमस्कार करने का संकल्प कराया गया। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. रेनु शुंगलू ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।

### दीनदयाल सैनी को पीएचडी उपाधि



**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय ने दीनदयाल सैनी को पीएचडी उपाधि प्रदान की है। दीनदयाल सैनी को 'तेजेन्द्र शर्मा की कहानियों में प्रवासी जीवन' विषय पर उनके शोध के लिए पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य हिंदी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. श्रुति शर्मा के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। सैनी वर्तमान में राजकीय विद्यालय जयपुर में हिंदी व्याख्याता के रूप में कार्यरत हैं।

### नव सृजन के आरंभ का पर्व है वसंतोत्सव



**बेधड़क** | जयपुर

राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मीरा मार्ग मानसरोवर में वसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन के साथ वसंत उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने लघु नाटिका एवं मां सरस्वती अर्चन पर नृत्य प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पंडित महेशदत्त गुरुजी ने वसंत रहस्य तथा सरस्वती प्राकट्योत्सव पर उद्बोधन दिया। उन्होंने सूर्यकांत त्रिपाठी निराला को भी उनके जन्मदिन पर याद किया। मुख्य अतिथि पार्षद भारती लखियानी रहीं। सारस्वत अतिथि मुकेश लखियानी ने विद्यार्थियों को वसंत पंचमी पर पृथ्वीराज चौहान और चंद्रबरदाई की ऐतिहासिक घटना से दृढ़संकल्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुकेश भारद्वाज ने शबरी और राम मिलन प्रसंग द्वारा विद्यार्थियों को जीवन में सद्गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षु प्रियम दाधीच ने रामायण में मां सरस्वती की प्रेरणा पर विचार रखे। अल्का ने अभिवादन संस्कार अपनाने से जीवन में परिवर्तन पर विचार रखे।

कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व उपनिदेशक सीमेट सीताराम शर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व समझाते हुए पवित्र आचरण को आत्मसात करने को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य डॉ रघुवीर प्रसाद शर्मा ने वसंत पर विद्यार्थियों को विद्या अध्ययन के द्वारा ज्ञान अर्जन का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका योगिता शर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अध्यापिका मीनू शर्मा द्वारा किया गया।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार: बच्चों के बीच शिक्षा मंत्री

# विकारों से मुक्ति के लिए किया सूर्य नमस्कार



**बेधड़क** | जयपुर

"सूर्य नमस्कार के अभ्यास से शरीर एवं मन स्वस्थ रहता है। सद्विचार आते हैं और विकार दूर भागते हैं। जब मन में अच्छे विचारों का उद्गम होता है तो विकारों के लिए कोई जगह नहीं होती। इससे जीवन में किसी प्रकार की न्यूनता नहीं होगी और हम लगातार आगे बढ़ते जाएंगे।"

यह बात शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को जयपुर के चौगान स्टेडियम में प्रदेशभर के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में 'सूर्य नमस्कार' के सामूहिक अभ्यास के सिलसिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों, गणमान्य लोगों व विद्यार्थियों के साथ 'सूर्य नमस्कार' भी किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सूर्य नमस्कार समस्त योगों का सार और सर्वांग योग है, जो व्यक्ति नियमित तौर पर इसका पर्याप्त अभ्यास करते हैं, उनको किसी अन्य योग की जरूरत नहीं होती। इसके माध्यम से दैहिक, आत्मिक और बौद्धिक विकारों से मुक्ति पाकर जीवन को खुशहाल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने कहा कि सूर्य पृथ्वी पर सभी के लिए ऊर्जा का एकमात्र स्वरूप और स्रोत है। कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ निरंजन आर्य ने 'सूर्य नमस्कार' का अभ्यास कराया।



### 1.33 करोड़ लोगों ने बनाया सूर्य नमस्कार का वर्ल्ड रिकॉर्ड

सूर्य सप्तमी के अवसर पर राजस्थान के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में गुरुवार को आयोजित सूर्य नमस्कार के सामूहिक अभ्यास कार्यक्रम में विद्यार्थियों सहित 1.33 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी भागीदारी निभाते हुए विश्व रिकॉर्ड बनाया है। शिक्षा मंत्री दिलावर को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स-लंदन के वाइस प्रेसिडेंट राजस्थान प्रथम भल्ला ने इस विश्व रिकॉर्ड का प्रोविजनल सर्टिफिकेट गुरुवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में भेंट किया। इस अवसर पर शासन सचिव नवीन जैन व अन्य अधिकारी मौजूद थे। जैन ने बताया कि सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में एक ही समय पर एक साथ सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया। इसमें 88 हजार 974 स्कूलों के एक करोड़ 14 लाख 69 हजार 914 विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार किया।



वहीं विद्यार्थियों सहित कुल एक करोड़ 33 लाख 50 हजार 889 लोग इन आयोजनों में शामिल हुए। प्रदेश की 66 हजार 990 सरकारी स्कूलों में 64 लाख 30 हजार 277 तथा 21 हजार 984 गैर सरकारी स्कूलों के 50 लाख 39 हजार 637 विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार किया। सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों सहित 77 लाख 63 हजार 374 तथा गैर सरकारी स्कूलों में 55 लाख 87 हजार 515 लोग इन आयोजनों में शामिल हुए।

### भाग लेंगी देशभर की 20+ टीमें

# एमएनआईटी में आज शुरू होगा स्पोर्ट्स का कुंभ



**बेधड़क** | जयपुर

मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर की वार्षिक खेल प्रतियोगिता एमएनआईटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट-2024 का आगाज शुक्रवार को होगा। सायं 5 बजे टूर्नामेंट का उद्घाटन ओपन एयर थिएटर पर होगा।

इस समारोह के मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक, प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी होंगे। तीन दिन चलने वाले टूर्नामेंट में क्रिकेट, बैडमिंटन, चेस, कबड्डी, फुटबॉल, बॉक्स क्रिकेट, सितोलिया, रस्साकशी आदि की प्रतियोगिताओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. महेश कुमार जाट ने बताया कि खेलों के अलावा प्रतिभागियों को मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकारों के प्रदर्शन का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। यह सांस्कृतिक समारोह एमएनआईटी समुदाय के बीच प्रतिभा प्रदर्शन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इस वर्ष 20 से अधिक टीमों टूर्नामेंट में शामिल होंगी जिनमें एनआईटी दिल्ली, एनआईटी जलंधर, एनआईटी उत्तराखंड, जेपी यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली एवं अन्य विभिन्न शिक्षण संस्थानों की टीमें शामिल होंगी। इस वर्ष टीमों की संख्या में वृद्धि, नए खेलों के समावेश के साथ टूर्नामेंट और भी रोमांचक होने वाला है।

टूर्नामेंट के सुगम आयोजन के लिए संस्थान में खेल परिसरों का जीर्णोद्धार किया गया है। छात्र समिति ने इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए लगातार मेहनत की है।

# IIS में आज शुरू होगी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस

**बेधड़क** | जयपुर

आईआईएस यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश लिटरेचर एंड लैंगुएज, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज की ओर से यूनिवर्सिटी कैंपस में 'द ह्यूमैनिटीज टुडेः ग्लोबल एंड सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटीज' विषयक दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आगाज शुक्रवार को प्रातः 10 बजे होगा। आईसीएसएसआर के सहयोग से आयोजित इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का अहम मकसद मौजूदा वैश्विक समाज में मानविकी की भूमिका पर चर्चा को समृद्ध करना है। कॉन्फ्रेंस में दुनियाभर से प्रतिष्ठित स्कॉलर्स और एक्सपर्ट्स एकत्र होंगे। इसमें देश-दुनिया से 15 स्पीकर्स और करीब 130 प्रतिभागी शामिल होंगे।

यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता ने बताया कि इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में ओपनिंग रिमार्क्स यूएसए, न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के पूर्व ग्लोबल प्रतिष्ठित प्रो.राजेश्वरी सुंदर राजन देंगे। यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता स्वागत भाषण देंगे। इसी प्रकार अशोका यूनिवर्सिटी, सोनीपत के नॉवलिस्ट व क्रिटिक सैकत मजूमदार मूल विषय पर विचार व्यक्त करेंगे।

**उपलब्धि** शिक्षा मंत्री ने जारी किया राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल परिणाम

# 10वीं में सचिन-डिंपल, 12वीं में मनीष व प्रियंका अव्वल

■ कक्षा 10 का परिणाम रहा 60.79 प्रतिशत

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को शिक्षा संकुल में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के सभागार में राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की अक्टूबर-नवम्बर 2023 स्ट्रीम-2 की गत दिसम्बर-जनवरी माह में आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षाओं का परीक्षा परिणाम जारी किया।

कक्षा-10 का परिणाम 60.79 प्रतिशत और कक्षा-12 का 62.29 प्रतिशत रहा। पुरुष वर्ग में कक्षा-10 में दौसा के सचिन मीना ने 75.6 प्रतिशत अंक तथा कक्षा-12 में चुरू के मनीष प्रजापत ने 79.4 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं महिला वर्ग में कक्षा-10 में राजसमंद जिले की डिम्पल खटीक ने 73.80 प्रतिशत अंक और कक्षा-12 में चितौड़गढ़ की प्रियंका जाट ने 74.8 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। शिक्षा मंत्री दिलावर ने परीक्षा परिणाम जारी करने के बाद इन टॉपर्स से फोन पर बात कर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते आगे भी निरंतर पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।



इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी, माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी और राजस्थान स्टेट ओपन स्केल के सचिव साहब सिंह वर्मा सहित अन्य अधिकारी और कार्मिक मौजूद रहे। इन परीक्षाओं का परिणाम राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

# निरक्षर लोगों को साक्षर करना भी जरूरी



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

इस साल विश्व पुस्तक मेले में सनातन संस्कृति की बहुभाषी जीवंतधारा बहती दिखाई दे रही है। अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में पुस्तकें भी राममय या सनातन संस्कृति को अभिव्यक्त कर रही हैं। चूंकि मेला राम मंदिर के उद्घाटन के बाद भरना था, इसलिए इसका विषय भी 'बहुभाषी भारतः एक जीवंत परंपरा' रखा गया है। सनातन संस्कृति और भारत के साथ विश्व वैभव के प्रमाण पहली बार संस्कृत में लिखे ऋग्वेद में मिलते हैं। ऋग्वेद ही भारत के सांस्कृतिक-ऐतिहासिक वैभव और सभ्यता का मूल स्रोत है। इसे दुनिया की सबसे प्राचीन पुस्तक होने का दर्जा प्राप्त है। इसकी अगली कड़ियों में वाल्मीकि रामायण, उपनिशद्, महाभारत और पुराण आते हैं। पंचतंत्र और जातक कथाएं लोक की प्राचीन प्रस्तुतियां हैं। भारतीय सांस्कृति इतिहास, भुगोल कथाओं एवं महाकाव्यों का एक आकर्षक बहुरूप दर्शक है, जिसमें प्रत्येक भारतीय भाषा के लोक-रंग जुड़े हुए है। मेले में बहुभाषी भारत की इसी जीवंत परंपरा का प्रदर्शन पांच मंडपों में किया गया है। जिसमें देश-विदेश के बड़ी संख्या में प्रकाशन संस्थानों ने भागीदारी की हुई है।

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, दिल्ली के प्रगाति मैदान में इस मेले का आयोजन प्रतिवर्ष करता है। 1972 मेले की शुरुआत हुई थी। तब से लेकर अब तक यह मेला दर्शक संख्या की दृष्टि से दुनिया का सबसे बड़ा मेला है। 2023 में यह मेला 40,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में लगा था, जिसमें 35 से अधिक देशों की 18,000 दुकानें लगी थीं। 12 लाख पुस्तक प्रेमियों ने शिरकत की थी। इस बार मेले का क्षेत्रफल 50,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में विस्तृत कर दिया है। इसमें 40 से ज्यादा देशों के 2000 प्रकाशकों ने अपनी दुकानें लगाई हैं। बावजूद हिंदी पुस्तकों को ज्यादा से ज्यादा पाठकों तक कैसे पहुंचाया जाए, यह प्रश्न अपनी जगह मौजूद रहेगा। दरअसल, बड़ी संख्या में हिंदी भाशी होने के बावजूद अधिकांश में पुस्तक पढ़ने की आदत नहीं है। इस दृष्टि से पुस्तक पाठक तक पहुंचाने और पढ़ने की संस्कृति विकसित करने की जरूरत है। हालांकि बदलते परिवेश में जहां ऑनलाइन माध्यम पुस्तक को पाठक के संज्ञान में लाने में सफल हुए हैं, वहीं ऑनलाइन बिक्री भी बढ़ी है। इसके इतर गीता प्रेस गोरखपुर ने दावा किया है कि उनकी प्रत्येक दिन करीब 1 लाख पुस्तकें बिकती हैं। इससे यह पता चलता है कि हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं के खरीददारों की कमी नहीं हैं, बशर्ते पुस्तकें धर्म और अध्यात्म से जुड़ी हों। यही वजह है कि इस समय देश में पौराणिक विषयों पर लिखी पुस्तकों की बिक्री में तेजी आई हुई है। इसीलिए मेले की थीम का विषय बहुभाशी भारतः एक जीवंत परंपरा उचित है। सभी भाषाओं में ऋग्वेद, रामायण और महाभारत के पात्र और कथानकों पर हजारों साल से निरंतर लिखा जा रहा है। सच पूछा जाए तो यही वह कालजयी साहित्य है, जो भारतवासियों के प्राणों में चेतना का संचार करते हुए जीवंत बना हुआ है। भारत में जितने भी नैतिक मूल्य और रिश्तों में भरोसा कायम है, उसका आधार इन्हीं ग्रंथों की मूल भावना है। पुस्तकों के विस्तार के लिए निरक्षर लोगों को साक्षर करना भी जरूरी है। साक्षरता के तमाम अभियान चलाने के बावजूद बमुश्किल सत्तर प्रतिशत आबादी ही साक्षात हो पाई है। हालांकि आजादी के पहले जब देश की बड़ी आबादी निरक्षर थी, तब पुस्तकों की 25-25 हजार प्रतियां छपती थीं, जबकि अब पहले संस्करण में 250 से एक हजार पुस्तकें ही छपती हैं। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि पाठक संख्या सीमित हो रही है। ऐसा टीवी चैनलों पर धारावाहिकों का सिलसिला 24 घंटे चलने और सोशल मीडिया के हस्तक्षेप से भी हुआ है। मोबाइल ने भी पाठक की पुस्तकों से दूरी बनाई है। इनमें ज्यादातर ऐसी सामग्री है जो समाज को कुंठित और हृदयहीन बना रही है। शिक्षा में अंग्रेजी माध्यम और अंग्रेजी प्रभाव के चलते भी हिंदी पुस्तकों की बिक्री प्रभावित हो रही है। हिंदी और भारतीय भाषाओं का प्रश्न राष्ट्रीयता से जुड़ा है, इसलिए इसे अकेली सरकार पर नहीं छोड़ा जा सकता। समाज को पुस्तकें पाठक तक पहुंचाने के लिए निजी स्तर पर प्रयत्न करने होंगे। इस लिहाज से जरूरी है कि जन्मदिन, शादी समारोह और अन्य मांगलिक अवसरों पर लोग पुस्तकें भेंट करने का सिलसिला शुरू करें।

> हाल ही में एक समाचार एजेंसी की सुखद खबर आई है कि हिंदी पुस्तकों की मांग ऑनलाइन भी खूब बढ़ रही है। अभी तक इस संदर्भ में अंग्रेजी पुस्तकों का ही बोलबाला था। यह शायद पहला अवसर है जब हिंदी पुस्तकों की ई-खरीद में बढ़त दर्ज की गई है। पिछले छह माह में यह वृद्धि 60 प्रतिशत दर्ज की गई है। इससे ज्ञात होता है कि अंग्रेजी के वर्चस्व और प्रौद्योगिकी के बीच भी हिंदी खूब फल-फूल रही है।

हिंदी पुस्तकों की स्थिति प्रकाशकों की उदासीनता के चलते भी निराशाजक रही है। ज्यादातर प्रकाशक पाठक तक पहुंचने की कोशिश नहीं करते। उनका भरोसा बड़े सरकारी संस्थानों की खरीद पर ही टिका है। इस कारण संसाधनों में सेवारत विद्वान और अधिकारियों की पसंद की पुस्तकें छापने में भी प्रकाशित दिलचस्पी लेते हैं, किंतु ये पुस्तकें रुचिकर नहीं होती हैं। इसके उलट बांग्ला, मराठी और गुजराती भाषाओं की स्थिति आज भी हिंदी से बेहतर है। इन भाषाओं में पहला संस्करण आज भी 5000 की संख्या में छापे जा रहे हैं। हालांकि अंग्रेजी के अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों के हिंदी में आने के बाद स्थिति बदली है। इन प्रकाशकों ने साहित्य की गंभीर पुस्तकों के अलावा लोकप्रिय साहित्य भी छापने का सिलसिला शुरू किया है। साथ ही अंग्रेजी के लोकप्रिय भारतीय साहित्य के हिंदी अनुवादों का भी प्रकाशन किया है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## राजनीति में बढ़ती पद लोलुपता

# क्या जन सेवा के लिए पद जरूरी है!



**राजेंद्र बज**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> आजकल की राजनीति के तौर-तरीकों के चलते राजनीतिज्ञों के प्रति जनविश्वास में अप्रत्याशित रूप से कमी आई है। इन हालातों के चलते राजनीति में चर्चित चेहरे दक्ष सौदागर की भांति राजनीति के ठेकेदार बन कर रह गए है। दरअसल, सक्रिय राजनीति स्वार्थसिद्धि का एक सशक्त एवं प्रभावशाली माध्यम बनकर रह गई है। राजनीति की दुकानदारी में इन दिनों मुखौटों का बड़ा चलन है। राजनीति में अधिकांश चेहरे जिसे जहां अवसर मिला, अवसर को भुनाने की कोशिश की जाती रही है।

आमतौर पर सक्रिय राजनीतिज्ञ सीढ़ी-दर-सीढ़ीराजनीतिक सफलता पाते हुए पदलिप्सा की भावना से भरे नजर आते हैं। अधिकार प्राप्ति के प्रति उनकी यह आतुरता आम नागरिकों के हित साधन की दृष्टि से है या स्वार्थसिद्धि की प्रबल भावना का परिणाम है? इस सवाल को लेकर आसानी से किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता। लेकिन इस संबंध में जनमानस की भावना का अनुमान लगाया जा सकता है। वर्तमान दौर की विकृत राजनीति में पद प्राप्ति की प्रबल लालसा कुछ इस कदर व्याप्त होती जा रही है कि वह उचित या अनुचित में कतई भेद नहीं करती। यह स्थिति स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। अब वह दौर नहीं रहा जब राजनीति में सक्रिय शख्सियत नीति और सिद्धांतों पर अटल रहा करती थी। यानी नैतिक मापदंड के आधार पर मूल्य आधारित राजनीतिक सक्रियता का परिचय दिया करती थी।



यही नहीं, अपितु अपना सर्वस्व समर्पण करते हुए व्यापक जनहित के प्रति समर्पित भूमिका के निर्वहन के निमित्त सक्रिय राजनीतिक जीवन को आत्मसात किया जाता था। देखते-देखते राजनीति का स्वरूप विकृत होता गया। वैसे नीति और सिद्धांतों की बातें तो आज के दौर में भी बहुत की जाती है लेकिन यह बौद्धिक जुगाली के अतिरिक्त अन्य कुछ नहीं है। अधिकांश राजनीतिज्ञ अपनी महत्ता को अपनी सत्ता के माध्यम से पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्थापित करने की दिशा में संलग्न नजर आते हैं। सैद्धांतिक रूप से लोकतंत्र की राजनीति में व्यापक जनहित के प्रति समर्पित भावना के साथ परोपकारी जीवन जिया जाता है। लेकिन राजनीति में सिद्धांत का व्यवहार से कोई तालमेल नजर नहीं आता। अधिकांश राजनीतिक चेहरे मुखौटा लगाए नजर आते हैं। कौन सही और कौन गलत? इसे लेकर आम नागरिक भ्रमित होते रहे हैं।

यह देखा गया है कि सक्रिय राजनीति आर्थिक प्रगति का आधार बन कर रह गई है। नीचे से ऊपर तक व्याप्त भ्रष्टाचार ने इसे एक लाभदायक पेशा बना कर रख दिया है। राजनीति में जैसे-जैसे सफलता प्राप्त होती चली जाती है, वैसे-वैसे महत्वाकांक्षाएं भी परवान चढ़ा करती है। स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात प्रारंभिक दो-तीन दशकों तक राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं का खुला प्रदर्शन नहीं किया जाता था, लेकिन वर्तमान दौर में राजनीतिज्ञों की महत्वाकांक्षा इतनी बलवती हो गई है कि निर्लज्जता की हदें भी पार होती नजर आती हैं। निश्चित है कि ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के मन में राजनीतिज्ञों के प्रति नकारात्मक धारणा बनने लगती है। परिणामस्वरूप आम नागरिकों में राजनीतिज्ञों के प्रति जो आदर भाव या सम्मान होना चाहिए, वह कहीं नजर नहीं आता। यही कारण है कि साफ-सुथरी विचारधारा सक्रिय राजनीति से परहेज किया करती है। राजनीति में व्याप्त इन तमाम विकृतियों का त्वरित निदान होना चाहिए।

आजकल की राजनीति के तौर-तरीकों के चलते राजनीतिज्ञों के प्रति जनविश्वास में अप्रत्याशित रूप से कमी आई है। इन हालातों के चलते राजनीति में चर्चित चेहरे दक्ष सौदागर की भांति राजनीति के ठेकेदार बन कर रह गए है। दरअसल, सक्रिय राजनीति स्वार्थसिद्धि का एक सशक्त एवं प्रभावशाली माध्यम बनकर रह गई है। राजनीति की दुकानदारी में इन दिनों मुखौटों का बड़ा चलन है। राजनीति में अधिकांश चेहरे जिसे जहां अवसर मिला, अवसर को भुनाने की कोशिश की जाती रही है। इसके चलते आम नागरिकों के मानस में राजनीतिज्ञों की नकारात्मक छवि घर कर गई है। आमतौर पर यह माना जाने लगा है कि राजनीति महज पेशा ही नहीं अपितृ निवेश का माध्यम बनकर रह गई है। चुनावी दौर में बड़े निवेश के अभाव में राजनीतिक सफलता दिवास्वप्न से अधिक कुछ नहीं रह गई है।

जाहिर है इन हालातों में नीति और सिद्धांतों की बातें करना सर्वथा बेमानी ही होगा। वास्तव में राजनीति के निहितार्थ को आम नागरिक बखूबी समझते रहे हैं, लेकिन उनकी भूमिका तटस्थ रहा करती है। ऐसे में राजनीति पर स्वार्थी तत्वों का वर्चस्व जाने-अनजाने प्रश्रय पाता नजर आता है। दरअसल इस राजनीतिक विकृति का त्वरित समाधान समय की मांग है। यदि समय रहते इस कुप्रवृत्ति को नही रोका गया, तो कालांतर में इसके गंभीर परिणाम लोकतंत्र की राजनीति की मूल अवधारणा को ही तार-तार कर देंगे। ऐसी स्थिति में आपकी हमारी स्वतंत्रता भी दांव पर लग सकती है। प्राचीन भारत में जो राजशाही का स्वरूप था। उससे हमें भविष्य में रूबरू होना पड़ सकता है। इसलिए राजनीतिक विकृतियों का त्वरित निदान अपेक्षित है। उक्त हालातों के चलते समाजसेवी मनोवृत्ति का राजनीति के माध्यम से जनहित के प्रति समर्पित भूमिका का निर्वहन दुष्कर हो गया है। दरअसल, लोकतंत्र की राजनीति में सक्रिय राजनीति के निहितार्थ में आमूलचूल परिवर्तन आया है। हालांकि चंद चेहरे समर्पित भूमिका का निर्वहन करते प्रतीत होते हैं, लेकिन उनकी संख्या नगण्य ही है। कुल मिलाकर वर्तमान परिस्थितियों में राजनीति का शुद्धीकरण अत्यंत आवश्यक है, अन्यथा सत्ता के सौदागर राजनीति की मूल भावना से परे आचरण और व्यवहार करते हुए राजनीति के अर्थ का अनर्थ कर देंगे। आज नहीं तो कल, लेकिन इस संदर्भ में संज्ञान लेना होगा। बेहतर हो यदि स्थिति को बद से बदतर होने के पूर्व ही सुधार लिया जाए, ताकि भावी पीढ़ी सच्चे अर्थों में स्वतंत्रता का रसास्वादन कर सकें।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# पकड़ने की प्रॉब्लम



**पूरन सरमा**
व्यंग्यकार

सरकार को पकड़ने की बड़ी प्रॉब्लम है, यदि उसे अपराधी मिल जाए तो, वह पकड़ ले और उसे फटाफट दंडित भी कर दे। लेकिन अपराधी है कि पुलिस से आँख मिचैली खेलते रहते हैं और पकड़ में आते नहीं। एक शहर में घटना होती है और पूरे राज्य की पुलिस अपराधियों को खोजती है, हजारों-लाखों रुपए का पेट्रोल फूंक दिया जाता है, वायरलेस पर वायरलेस, कंट्रोल रूप से सीधा सम्पर्क, सतर्कता और भागा-दौड़ी में कमी नहीं, लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात, खोदते हैं पूरा पर्वत और चूही भी हाथ नहीं लगती-अपराधियों की बात तो जाने दीजिए।

इस बार भी यही हुआ खुद मुख्यमंत्री कह रहे थे-अपराधी पकड़े गये तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा, बस यह पकड़ने की समस्या आड़े आ जाती है, पकड़ने का लफड़ा नहीं होता तो हमारी चौकस पुलिस अपराधियों को छोड़ती नहीं और एक ही पल में सीखचों के भीतर बन्द कर देती। पुलिस का चश्मा भी कई बार भूल-भुलैया में फंसा होता है, वह चाहते हुए भी नहीं पकड़ पाती और समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती है। उस हालत में भी पकड़ना छोड़ छूना तक मुश्किल होता है, इसलिए इस हालत में पुलिस आंख पर ठीकरी रखकर इधर-उधर तलाशने का नाटक भी करती है, आखिर है तो हमारी भारतीय पुलिस।

चोर चोरी करता है और पकड़ा नहीं जाता और जो पकड़ा जाता है वह चोर नहीं होगा, लेकिन समस्या हल करने के लिए किसी को तो पकड़ना है ही, सो पकड़ लेती है किसी सज्जन-संस्कारवान सीधे-सादे भोले-भाले बेवकूफ आदमी को। संवेदनाओं का नाश इस सीमा तक हुआ है कि दायित्वों तथा कानून की अनदेखी तो सामान्य-सी बात हो गई है। मैं सोचता हूं मूल्यों की बात करना अब बेमानी है, पता नहीं मैं कोई भली बात करूं और किसी को बुरी लग जाए, फिर पकड़ ले मुझे ही।

पकड़े कैसे? कोई मुख्यमंत्री का साला तो कोई मंत्री का भतीजा, कोई पुलिस अधिकारी का रिश्तेदार, तो कोई आईएएस का भांजा या कि भैया, ऐसी स्थिति में पकड़ना बड़ी प्रॉब्लम बन जाता है। जनता आंदोलन करती है कि अपराधियों को पकड़ो, लेकिन बेचारी पुलिस की विवशता को नहीं समझती। पुलिस को पता सब है कि अपराधी कहां छिपे हैं, लेकिन प्रॉब्लम पकड़ने की है और जब प्रॉब्लम है तो पकड़ना आसान नहीं होता है। पुलिस की एक समस्या यह भी है कि वह रिश्वत खाती है और भ्रष्टाचार के सामने तो आज बड़े-बड़ों ने घुटने टेक दिए हैं, बेचारी पुलिस तो क्या चीज है?

यदि पुलिस ने अपराधी से रुपए खा लिए हैं तो बताइए कि भला उसे पकड़ेगी कैसे? अपराधी ने पैसे ही नहीं पकड़ने के दिए हैं, तो हुई न पुलिस की प्रॉब्लम पर प्रॉब्लम।

कानून और व्यवस्था में अपराधियों के बचने के लिए पचास रास्ते हैं, पुलिस सारे मार्ग सुझा देती है, अग्रिम बेल करवा देगी, पीड़ित के बयान गलत दर्ज कर लेगी, इस तरह पकड़ने की प्रॉब्लम से बचती रहेगी। पुलिस या तो ऊंघने के लिए होती है या निर्दोष को मारने-पीटने के लिए, अपराधियों को पकड़ने के लिए नहीं, अपराध तो उसकी शह और लापरवाही का परिणाम है। ऐसे हालात में जो लोग पुलिस से न्याय की आशा लगाकर चल रहे हैं-वे अपनी आँखें खोल लें तथा बचकर रहें।

## नॉलेज कॉर्नर: भगवान स्वामीनारायण ने रखी थी इस संस्था की नींव

# दुनियाभर में हिन्दू मंदिर क्यों बनवा रही BAPS?

पीएम मोदी ने बुधवार को अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। 27 एकड़ में फैले इस मंदिर को BAPS नाम की संस्था ने बनवाया है। BAPS ने इससे पहले दुनियाभर में हजारों मंदिरों का निर्माण कराया। दिल्ली का अक्षरधाम मंदिर भी इसी संस्था ने बनवाया है। आइए जानते हैं कि BAPS का ग्लोबल नेटवर्क कितना बड़ा है, इसने दुनिया में कितने हिन्दू मंदिर बनवाए हैं, BAPS दुनियाभर में और किन-किन कामों के लिए जाना जाता है। BAPS का पूरा नाम बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था है। इसका मुख्यालय अहमदाबाद में है। 18वीं शताब्दी के अंत में भगवान स्वामीनारायण ने संस्था की नींव रखी थी। बाद में 1907 में शास्त्रीजी महाराज ने इसकी स्थापना की। आज अमेरिका, यूके, यूरोप और अफ्रीका समेत दुनिया के कई देशों में संस्था के सेंटर हैं।

### BAPS ने कितने मंदिर बनवाए हैं?

BAPS स्वामीनारायण संस्था ने अपनी 160 से ज्यादा सेवाओं को 6 श्रेणियों में बांटा है जिसमें मंदिर निर्माण और पर्सनल डेवलपमेंट शामिल हैं। इसने दुनिया भर में 1100 से ज्यादा मंदिर बनवाए हैं। इसमें अमेरिका, यूनाटेड किंगडम से लेकर केन्या और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश शामिल हैं।सवाल उठता है कि संस्था इतने सारे हिन्दू मंदिर क्यों बनवा रही है? दरअसल, संस्था का मानना है कि मंदिरों से लोगों के पर्सनल डेवलपमेंट में मदद होती है। मंदिर में एक ऐसा वातावरण मिलता है जहां मन



शांत हो जाता है और कई तरीकों से विकास पर ध्यान केंद्रित होता है। यह वो जगह है जिसे घर से दूर रह रहे लाखों श्रद्धालु अपना घर कहते हैं।स्वामीनारायण संस्था मंदिरों को ओवरऑल डेवलेपमेंट का केंद्र मानती है। इनके बनाए मंदिरों में कई तरह की वीकली एक्टिविटी होती रहती हैं। संस्था की वेबसाइट के अनुसार, बच्चों के लिए आध्यात्मिक मंच, जातीय भाषा, संगीत में पाठ्यक्रम जैसे चीजों का आयोजन यहां होता है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल की मदद

संस्था जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए और भी कई काम करती है। इसमें BAPS की सहयोगी संस्थाओं का भी साथ मिलता है। ये लाखों लोगों को शिक्षा, पर्यावरण और स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित सेवाएं मुफ्त में मुहैया कराते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इनकी सेवाओं में 7 मिलियन एल्युमीनियम के डिब्बे की रीसाइक्लिंग, 15 दिनों में 7 लाख लोगों को नशे की लत से मुक्त करना, 1 करोड़ पेड़ लगाना और 25 लाख आदिवासी समुदाय के सदस्यों को मुफ्त मेडिकल ट्रीटमेंट देना शामिल है। उनके 55,000 से ज्यादा स्वयंसेवक इन सेवाओं को प्लान करने से लेकर जमीनी स्तर तक पहुंचाने में मदद करते हैं।

### कोरोना और भूकंप में की मदद

*कुछ सालों पहले जब कोरोना महामारी ने देश को चपेट में ले लिया था, तब BAPS संस्था ने जरूरी मेडिकल किट भेजी थी। इसमें मास्क, ऑक्सीमीटर और सेनेटाइजर जैसी जरूरी चीजें थी, जिनकी देश में किल्लत हो रही थी। इससे पहले भी BAPS संस्था ने कई मौकों पर मदद भेजी है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

राम काजु कीन्हें बिनु, मोहि कहां बिश्राम
'राम' धाम चला भक्तो का 'रथ'...
प्रदेश के असंख्य राम भक्तों को श्री अयोध्या जी में नव्य, भव्य एवं दिव्य मंदिर में शोभायमान कोटि-कोटि जनमानस के आराध्य रामलला के पावन दर्शन का स्वप्न साकार करने की दिशा में आज OTS से राजस्थान के सात संभाग मुख्यालयों से अयोध्या धाम के लिए बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री सी.पी. जोशी जी, उपमुख्यमंत्री श्री प्रेमचन्द बैरवा जी उपस्थित रहे। हमारी सरकार जन-जन को उनके आराध्य के दर्शन कराने हेतु वचनबद्ध है।
जय श्री राम!

### महिलाओं के यौन उत्पीड़न और हिंसा के मुद्दे पर घिरी पश्चिम बंगाल सरकार

# संदेशखाली हिंसा: ममता बनर्जी पर भाजपा हमलावर, इस्तीफे की मांग

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में संदेशखाली में महिलाओं के यौन उत्पीड़न और हिंसा के मुद्दे पर बीजेपी आक्रामक है। बीजेपी विधानसभा से लेकर संदेशखाली और राज्य के दूसरे हिस्सों में इस मुद्दे पर प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफा मांग रही है।

वहीं दूसरी तरफ ममता बनर्जी ने संदेशखाली में हिंसा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को जिम्मेदार ठहराते हुए दावा किया कि सरस्वती पूजा के दौरान अन्य योजनाएं भी थीं। ममता बनर्जी ने विधानसभा में संदेशखाली के मुद्दे पर अपनी बात रखी। विपक्ष के हंगामें के बीच ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में कभी किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया है और न ही कभी होने दूंगी।



### कभी अन्याय का समर्थन नहीं किया

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि संदेशखाली में राज्य महिला आयोग को भेजा गया है। पुलिस दल बनाकर 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि हम संदेशखाली में स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, गलत काम में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। बनर्जी ने कहा कि आरएसएस का वहां आधार है। 7-8 साल पहले वहां दंगे हुए थे। यह संवेदनशील दंगा स्थलों में से एक है। हमने सरस्वती पूजा के दौरान स्थिति को मजबूती से संभाला, अन्यथा अन्य योजनाएं भी थीं। ममता बनर्जी ने कहा कि हमारी महिला टीम वहां मौजूद है। एक महिला पुलिस टीम लोगों की शिकायतें सुनने के लिए उनके दरवाजे पर जा रही है।

### सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की

संदेशखाली के मुद्दे पर पश्चिम बंगाल लेकर दिल्ली बीजेपी ममता बनर्जी पर हमलावर है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली क्षेत्र में महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतों पर राज्य सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। तृणमूल कांग्रेस के गुंडे अपनी मनमानी चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री को अपने राज्य की पीड़ित महिलाओं के साथ खड़ा होना चाहिए था लेकिन हो इसका उलट रहा है। मुख्यमंत्री अपराध करने वालों को बचाने में लगी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है और अगर उनमें थोड़ी भी शिष्टता बची है तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। तभी पीड़ितों को इंसाफ मिल सकेगा।

### ममता बनर्जी ने आवाज उठाने पर किया निलंबित

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि हमने निलंबन के खिलाफ 1 घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। संदेशखाली में जो हुआ उसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए ममता बनर्जी ने मुझे और चार अन्य विधायकों को विधानसभा से निलंबित कर दिया। हम धारा 144 का पालन करते हुए संदेशखाली जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल बीजेपी के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार संदेशखाली के दौरे के बाद अस्पताल में भर्ती हैं। पार्टी की तरफ से कहा गया था कि उन्हें धक्का दिए जाने के बाद चोट आई। मजूमदार को देखने के लिए राज्यपाल सीवी आनंद बोस और अधिकारी पहुंचे थे।

## मिमी चक्रवर्ती ने सांसद पद से दिया इस्तीफा



**कोलकाता**। बांग्ला फिल्म अभिनेत्री और जादवपुर से टीएमसी की सांसद मिमी चक्रवर्ती ने तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी को पत्र लिखकर बड़ा आरोप लगाया है। मिमी चक्रवर्ती ने कहा कि उन्हें बार-बार अपमानित किया गया है। वह इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। गुरुवार को मिमी चक्रवर्ती विधानसभा पहुंचीं और विधानसभा में स्पीकर बिमान बनर्जी के कक्ष में उनकी ममता बनर्जी से मुलाकात हुई। मिमी चक्रवर्ती ने फिर दोहराया कि वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहती हैं। उन्होंने अपना इस्तीफा ममता बनर्जी को दे दिया है, लेकिन ममता बनर्जी ने स्वीकार नहीं किया है।

## मराठा आरक्षण के लिए मुंबई जाऊंगा: जरांगे



**नई दिल्ली**। मराठा आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे लगातार अनशन पर बैठे हुए हैं। जरांगे ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार की 'कुनबी मराठाओं के रक्त संबंधियों' संबंधी मसौदा अधिसूचना को कानून में बदलने की मांग पर दबाव बनाने के लिए वह 18 या 19 फरवरी को मुंबई जाएंगे। एक दिन पहले महाराष्ट्र सरकार ने कहा था कि मराठा समुदाय की आरक्षण और अन्य मांगों पर चर्चा के लिए 20 फरवरी को राज्य विधानसभा का एक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद जरांगे की यह टिप्पणी आई है।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद विपक्षी नेताओं ने भाजपा को घेरा

# चुनावी बॉन्ड मोदी सरकार की भ्रष्ट नीतियों का एक और सबूत

## सिब्बल बोले-भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए ही लाई गई थी योजना


■ भाजपा ने रिश्वत और कमीशन लेने का बनाया माध्यम

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनावी बॉन्ड पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि चुनावी बॉन्ड सूचना के अधिकारों का उल्लघंन है। कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक (SBI) को 2019 से लेकर अब तक चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी तीन हफ्ते के भीतर चुनाव आयोग को मुहैया कराने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विपक्षी दलों ने स्वागत किया है और बीजेपी पर हमला बोला है।

राज्यसभा के सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि यह पूरी प्लानिंग अरुण जेटली के दिमाग की ही उपज थी। इस योजना को भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए ही लाया गया था। उन्होंने कहा कि बीजेपी सत्ता में है और इलेक्शन बॉन्ड का सबसे ज्यादा फायदा उसे ही पहुंचेगा। सिब्बल ने कहा कि यह केवल उघोग जगत और बीजेपी के बीच का संबंध हैं। इसी की वजह से पार्टी को सबसे ज्यादा फंड मिला।

बीते कुछ सालों में बीजेपी को तकरीबन 5 से 6 हजार करोड़ रुपए का दान मिल चुका है। सिब्बल ने कहा कि अगर आपके पास इतनी बड़ी मात्रा में फंड होगा तो आप अपनी पार्टी को काफी मजबूती दे सकते हैं। आरएसएस के ढांचे को मजबूत कर सकते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि नरेंद्र मोदी की भ्रष्ट नीतियों का एक और सबूत आपके सामने है। बीजेपी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को रिश्वत और कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था। आज इस बात पर मुहर लग गई है।





### कांग्रेस अध्यक्ष ने फैसले का किया स्वागत

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने मोदी सरकार की इस 'काला धन रूपांतरण' योजना को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया है। हमें याद है कि कैसे मोदी सरकार, पीएमओ और वित्त मंत्रालय ने बीजेपी का खजाना भरने के लिए हर संस्थान आरबीआई, चुनाव आयोग, संसद और विपक्ष पर बुलडोजर चला दिया था।

### सुब्रमण्यम स्वामी ने मांगा पीएम से इस्तीफा



सुब्रमण्यम स्वामी ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का नाम लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से इस्तीफा तक मांग लिया है। स्वामी ने तो एक्स पर लिखे अपने पोस्ट में तो इस योजना को एक घोटाला तक बता दिया है। स्वामी ने एक्स पर लिखा कि मुझे लगता है कि पीएम मोदी को इस्तीफा दे देना चाहिए। चूंकि चुनावी बॉन्ड एक मूर्खतापूर्ण आइडिया था और ये एक बहुत बड़े घोटाले में बदल गया था। इससे बीजेपी के भ्रष्टाचार से लड़ने के दावे को नुकसान पहुंचता है। पार्टी की भलाई के लिए पीएम मोदी को इस्तीफा दे देना चाहिए।

### हमारी पार्टी ने चुनावी बॉन्ड स्वीकार नहीं किया: येचुरी

चुनावी बॉन्ड योजना पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि सीपीएम एकमात्र याचिकाकर्ता थी, जिसके पास चुनावी बॉन्ड के खिलाफ बहस करने का अधिकार था। उन्होंने कहा कि हम एकमात्र ऐसी पार्टी हैं जिसने चुनावी बांड स्वीकार नहीं किया। हम चुनावी बांड को राजनीतिक भ्रष्टाचार का वैधीकरण मानते हैं। उन्होंने कहा कि इसमें क्विड-प्रो-क्वो की संभावना है, जिसका अर्थ है डील-ब्रेकिंग इससे इस सरकार के भ्रष्टाचार से लड़ने के दावों की पोल खुल गई है।

### शशि थरूर ने धामी सरकार को घेरा

## तानाशाही वाले राज्य को देखना है तो उत्तराखंड जाएं

■ समान नागरिक संहिता और नियमन को लेकर साधा निशाना

**एजेंसी** | नई दिल्ली



कांग्रेस नेता शशि थरूर ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और नियमन को लेकर उत्तराखंड सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने गुरुवार को कहा कि किसी व्यक्ति को अगर तानाशाही वाले राज्य को देखना है, तो वह उत्तराखंड जाए। लेकिन अगर वह आजादी को अहमियत देता है, तो उसे वोट देकर भाजपा को (सत्ता से) बाहर करना चाहिए।

थरूर की ओर से यह टिप्पणी तब सामने आई है, जब कुछ दिन पहले उत्तराखंड विधानसभा ने यूसीसी विधेयक को पारित किया है। यह अन्य भाजपा शासित राज्यों के लिए इसी तरह का कानून बनाने के लिए एक उदाहरण के रूप में काम कर सकता है।

उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है और वहां के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हैं। इस विधेयक में लिव-इन रिलेशनशिप के पंजीकरण को अनिवार्य किया गया है। इसके मुताबिक, लिव-इन-रिलेशनशिप से पैदा हुए बच्चों को वैध माना जाएगा। इसके अलावा, लिव-इन-रिलेशन टूटने पर भी सरकार को इसकी जानकारी देनी होगी। यह विधेयक मुसलमानों के एक वर्ग के बीच प्रचलित बहुविवाह और हलाला पर प्रभावी रूप से प्रतिबंध लगाता है।

थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, मैं वर्षों से कह रहा हूं कि बेडरूम, किचन, डाइनिंग टेबल या लिविंग रूम में सरकार के लिए कोई जगह नहीं है। लेकिन, यही वह जगह है जहां भाजपा अलग है।

उत्तराखंड इसे साबित करता है: लिव-इन-जोडों के लिए पंजीकरण नियम (बेडरूम), गोमांस प्रतिबंध (रसोई और डाइनिंग टेबल और मिनी बार नियम (लिविंग रूम)। तानाशाही वाले राज्य की कार्रवाई देखनी है तो उत्तराखंड जाइए। लेकिन अगर आप आजादी को महत्व देते हैं तो वोट देकर भाजपा को बाहर करें।

### 'INDIA' गठबंधन को अब फारूक अब्दुल्ला ने दिया झटका

## नेशनल कांफ्रेंस अपने दम पर लड़ेगी चुनाव

**एजेंसी** | श्रीनगर

नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को श्रीनगर में कहा कि उनकी पार्टी स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी। इस दौरान वह इंडिया गठबंधन से दूरी बनाते हुए दिखे।

साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के चुनावी बॉन्ड पर फैसले को लेकर कहा कि यह अच्छा है और वह चाहते हैं कि सरकार व अन्य राजनीतिक दल इसे स्वीकार करें और लागू करें। कश्मीर में चुनाव को लेकर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चुनाव जल्द होंगे। जहां तक सीट बंटवारे का सवाल है तो नेशनल कॉन्फ्रेंस स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी। इसके बारे में कोई संदेह नहीं है। वहीं, किसानों के विरोध पर सांसद ने कहा कि जब किसान बिल पेश किए गए तो विपक्ष ने उन विधेयकों की समीक्षा करने या संशोधन करने का अनुरोध किया, लेकिन वे बहुमत में बिल लेकर आए, जिससे 750 किसानों की जान चली गई। आज किसान फिर सड़कों पर हैं। चूंकि संसदीय चुनाव नजदीक हैं, इसलिए हमें नहीं पता कि केंद्र क्या कदम उठाएगा। लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वे निष्पक्ष फैसला लेंगे और अतीत की गलतियां नहीं दोहराएंगे। लक्षित हत्याओं को लेकर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि घाटी में काम की तलाश में आए निर्दोषों को निशाना बनाया गया।



### पीएम बुलाएंगे तो जाएंगे

फारूक अब्दुल्ला के बयान से इंडिया गठबंधन की धुकधुकी बढ़ गई होगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम ने एक निजी टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि राज्य में किसी भी पार्टी के साथ वो गठबंधन नहीं करेंगे। यह पूछने पर कि क्या वह एनडीए में शामिल हो सकते हैं तो उन्होंने कहा कि हमारे खिड़की, दरवाजे खुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी उन्हें बात करने के लिए बुलाएंगे तो जरूर जाएंगे। यह पूछने पर कि क्या वह एनडीए में शामिल होंगे, इसपर फारूक ने कहा कि इस संभावना को नकार नहीं सकते हैं।

### महुआ मोइत्रा, मुकुल रॉय, अभिनेता देब को किया तलब

## बंगाल के तीन नेताओं को एक के बाद एक मिला ED का नोटिस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के तीन नेताओं को एक के बाद ईडी का नोटिस मिला है। ईडी ने टीएमसी सांसद एवं अभिनेता देब, पूर्व केंद्रीय मंत्री मुकुल रॉय और लोकसभा से निष्कासित टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को समन भेजा है।

सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने तृणमूल सांसद देब को 21 फरवरी को दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में बुलाया है। जबकि मुकुल रॉय को 19 फरवरी को बुलाया है। सूत्रों के मुताबिक, देब को वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में समन किया गया है। सिर्फ देब ही नहीं, तृणमूल के पोटाशपुर विधायक उत्तम बारिक को भी आयकर विभाग ने उत्तम को समन भेजा है। दूसरी ओर, बीजेपी के विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुकुल रॉय को ईडी ने समन भेजा है। मुकुल रॉय को दिल्ली दफ्तर बुलाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, अलकेमिस्ट भ्रष्टाचार मामले में कृष्णानगर उत्तर विधायक को तलब किया गया है। मुकुल रॉय को 19 फरवरी को दिल्ली बुलाया गया है। दूसरी ओर, टीएमसी की नेता और लोकसभा से निलंबित सांसद महुआ मोइत्रा ने ईडी ने 19 फरवरी को फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के तहत तलब किया है।

संसद में गिफ्ट और कैश के बदले सवाल पूछे जाने के मामले में महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।




### एनसीपी विधायकों की अपात्रता का मामला

# विधानसभा अध्यक्ष नार्वेकर ने माना अजीत पवार गुट ही असली एनसीपी

■ शरद पवार को बड़ा झटका

**एजेंसी** | महाराष्ट्र

एनसीपी विधायकों की अपात्रता मामले में विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने अजीत पवार गुट को ही असली NCP माना है। यह फैसला अजीत पवार गुट के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।शरद पवार गुट की ओर से अजित पवार समेत सभी 9 विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की गई थी।

अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने अजीत पवार गुट के सभी विधायकों को योग्य माना है।इस मामले की सुनवाई करते हुए अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने माना कि अजीत पवार गुट को 41 विधायकों का समर्थन है। इसलिए असली NCP अजीत पवार गुट को ही माना जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट (न्याय पालिका) की ओर से एनसीपी विधायकों की अपात्रता पर फैसला लेने की अंतिम तारीख 15 फरवरी तय की गई थी। जिसकी मियाद आज खत्म हो गई है।

इसे ही ध्यान में रखते हुए विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने फैसला सुनाया। उन्होने शरद पवार गुट की ओर से दायर की गईं सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया।





### शिवसेना के फैसले का आधार लेना होगा

एनसीपी विधायकों की अयोग्यता पर विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि फैसले के लिए मुझे उस आधार को लेना होगा जो शिवसेना के विधायकों की अयोग्यता पर फैसला सुनाते वक्त लिया गया था। दरअसल पार्टी के संविधान में लिखा है कि महत्वपूर्ण निर्णय अध्यक्ष लेंगे। दोनों गुटों का दावा है कि हमारे पास बहुमत है, जबकि 29 जून तक शरद पवार की अध्यक्षता पद पर कोई चैलेंज नहीं था। 30 जून को दो लोगों ने दावा कर दिया। दोनों का मानना है कि अध्यक्ष पद का चुनाव संविधान के हिसाब से नहीं हुआ। दोनों समूहों द्वारा अयोग्यता याचिकाएं भी दायर की गई हैं।

### वर्किंग कमेटी ही सर्वोच्च संस्था

स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा कि पार्टी संविधान के अनुसार एनसीपी वर्किंग कमेटी सर्वोच्च संस्था है। इसमें 16 स्थायी सदस्य हैं, लेकिन पार्टी का संविधान स्थायी सदस्यों को इजाजत नहीं देता। हमें नेतृत्व संरचना, पार्टी संविधान और विधायकी की ताकत को देखकर तय करना होगा कि पार्टी किसकी है। पार्टी संविधान और नेतृत्व संरचना में कोई स्पष्टता नहीं है। संविधान में लिखा है कि महत्वपूर्ण निर्णय अध्यक्ष लेंगे। अध्यक्ष कौन यह मैं तय नही कर सकता। विधायकों की संख्या तय करने का अधिकार रखती है। 41 विधायक अजीत पवार गुट के समर्थन है। ऐसे में असली एनसीपी अजीत पवार गुट ही है।

### क्या है पूरा मामला

अजीत पवार विधायकों के एक गुट के साथ महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए थे। इसके बाद शरद पवार गुट और अजित पवार गुट ने एक दूसरे के खिलाफ विधायकों को अयोग्य ठहराने की याचिका दायर की थी। अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के समक्ष इनकी सुनवाई पूरी हुई। इससे पहले चुनाव आयोग ने अजीत पवार गुट को असली एनसीपी मानकर शरद पवार को बड़ा झटका दिया था। इस फैसले के बाद पार्टी के नाम और चिह्न पर पवार गुट का कब्जा है। चुनाव आयोग ने कहा था कि शरद पवार समूह के संगठनात्मक बहुमत होने के दावे में विसंगतियां मिली हैं। इसके बाद विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने सुप्रीम कोर्ट में एनसीपी विधायकों की अयोग्यता को लेकर तीन हफ्ते का वक्त मांगा था, हालांकि, अभिषेक मनु सिंघवी ने आपत्ति जताई और दलील दी कि सिर्फ एक हफ्ते की मोहलत दी जानी चाहिए। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए समयसीमा 15 फरवरी तक बढ़ा दी थी। कोर्ट ने पहले राहुल नार्वेकर को एनसीपी विधायक अयोग्यता मामले पर 31 जनवरी तक फैसला करने का आदेश दिया था।

## जरूरी खबर

### केमिकल गोदाम में लगी आग, तीन लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के अलीपुर में गुरुवार शाम केमिकल गोदाम में आग लगने से रिहायशी इलाके में अफरातफरी मच गई। आग ने पांच दुकानों और 22 कारों को चपेट में ले लिया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दमकल की 22 गाड़ियों की मदद से करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया गया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार शाम 5:25 बजे पुलिस व दमकल विभाग को एच ब्लॉक दयाल मार्केट अलीपुर स्थित केमिकल गोदाम में आग लगने की जानकारी मिली। पुलिस ने आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को तुरंत घटनास्थल से दूर किया गया। दमकलकर्मियों ने घरों की छतों पर चढ़कर आग बुझाई। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### असम में लगेगा सेमीकंडक्टर पैकेजिंग प्लांट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने गुरुवार को कहा कि असम में जल्द ही करीब 25000 करोड़ रुपए का सेमीकंडक्टर पैकेजिंग प्लांट लगेगा। आईटी राज्यमंत्री ने यह घोषणा यहां डिजिटल इंडिया फ्यूचरस्किल्स शिखर सम्मेलन में की। आईटी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि असम सरकार और टाटा समूह के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर पैकेजिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा। सेमीकंडक्टर की दुनिया में प्रवेश करने के इच्छुक युवा भारतीयों को अब अपना राज्य छोड़ने या दूसरे शहर जाने की जरूरत नहीं होगी।

### पशु आहार बनाने वाली कंपनी पर आयकर छापा

**नई दिल्ली।** पशु आहार बनाने वाली कंपनी इवा एग्जोटिका के ठिकानों पर आयकर विभाग के छापों में करोड़ों रुपये का नकद लेन-देन होने का खुलासा हुआ है। बीते करीब 36 घंटे से 11 शहरों में कंपनी के 33 ठिकानों पर जारी छापों में इसके दस्तावेजी सबूत हाथ लगे हैं, जिसके बाद कंपनी के संचालकों पर कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी है। इसके अलावा करीब तीन करोड़ रुपये नकद बरामद हुआ है। साथ ही, संचालकों और उनके परिजनों के नाम करीब बैंक लॉकर का पता चला है, जिसे अगले हफ्ते खोला जाएगा। इन ठिकानों की छानबीन में एक दर्जन से ज्यादा संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

## सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय देश के प्रसारण उद्योग का दृढ़ संरक्षक: ठाकुर



*नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रसारण और मीडिया प्रौद्योगिकी पर आयोजित 28वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र के दौरान दर्शकों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय देश के प्रसारण उद्योग का एक दृढ़ संरक्षक रहा है, जिसने इसे परिवर्तन की बयारों के बीच समझदारी और दूरदर्शिता के साथ संचालित किया है। इसने सार्वजनिक सेवा प्रसारण को बढ़ावा देने, समावेशी नीतियों को डिजाइन व लागू करने, मीडिया से जुड़ी जागरूकता पहल और प्रसारण एवं मीडिया उद्योग में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभाई।*

## समीर वानखेड़े को राहत, 20 तक गिरफ्तारी नहीं



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने बॉम्बे हाईकोर्ट में हलफनामा दिया कि वह मामले में अगली सुनवाई तक एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े को गिरफ्तार नहीं करेगी। समीर वानखेड़े ने अपने खिलाफ ईडी प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी है और अपने खिलाफ मामले को रद्द करने की मांग की है। कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को करेगा। इससे पहले ईडी ने समीर वानखेड़े के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मामला मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दर्ज किया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने एनसीबी के तीन अधिकारियों को भी पूछताछ के लिए भी बुलाया था।

### शंभू बॉर्डर पर किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च फिलहाल रुका

# हमने 'ग्रामीण भारत बंद' की बात की, किसान खेतों में न जाएं: टिकैत

एजेंसी | नई दिल्ली

पंजाब और हरियाणा में किसान अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। शंभू बॉर्डर पर किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च फिलहाल रोक दिया गया है। इस बीच किसान नेता राकेश टिकैत ने किसानों के भारत बंद पर कहा कि हमने 'ग्रामीण भारत बंद' का आह्वान किया है। किसान कल अपने खेतों में जाकर काम न करें।

टिकैत कहते हैं, हमने 'ग्रामीण भारत बंद के बारे में बात की है। इससे कल एक बड़ा संदेश जाएगा।" उन्होंने कहा कि इस आंदोलन की एक नई विचारधारा है, एक नई पद्धति है। राजमार्ग बंद नहीं किया जाएगा लेकिन हमारी बैठकें जारी रहेंगी और हम वहीं निर्णय लेंगे।



### कुछ लोग कर रहे सियासत

किसानों के प्रदर्शन के पीछे कुछ लोगों द्वारा राजनीतिक रोटी सेंकने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि मोदी सरकार बीते 10 साल से किसान कल्याण के लिए न केवल प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है, बल्कि कई योजनाओं को धरातल पर लागू कर करोड़ों किसानों को लाभ भी पहुंचाया है। किसानों के प्रदर्शन से जुड़े पहलुओं पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार स्पष्ट चर्चा की पक्षधर है।

### सात जिलों में 2 दिनों तक इंटरनेट सेवा बंद

किसानों के आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा के सात जिलों में 17 फरवरी तक मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। वहीं, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने किसान आंदोलन के चलते 20 फरवरी से शुरू होने वाली सेंटर फॉर डिस्टेंस और ऑनलाइन एजूकेशन के पाठ्यक्रमों व अन्य कोर्सेज की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। इस संबंध में परीक्षा शाखा द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### भारत बंद में ट्रेड यूनियंस भी होंगी शामिल

किसानों के भारत बंद को देशभर के सरकारी कर्मचारियों और ट्रेड यूनियनों का समर्थन मिलेगा। इनकी मांग पुरानी पेंशन योजना को बहाल कराना और 8वें वेतनमान आयोग की स्थापना करना है।

### सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद

किसानों के भारत बंद को लेकर दिल्ली समेत देश के सभी राज्यों में पुलिस को सुरक्षा और कानून व्यवस्था नियंत्रण में रखने के निर्देश केंद्र की ओर से दिए गए हैं। सभी जिलों के एसपी और आला अधिकारियों से कहा गया है कि पुलिस का ज्यादा से ज्यादा स्टाफ फील्ड में रहे। कहीं भी बंद के दौरान स्थिति बिगड़ने न पाए। किसान शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करें।

### वित्त मंत्री ने किया अनावरण

## राम मंदिर व भगवान बुद्ध थीम पर सिक्के जारी



एजेंसी | नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान तीन स्मारक सिक्के जारी किए। इनमें अयोध्या के राम मंदिर की थीम पर आधारित सिक्के के साथ ही भगवान बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर आधारित सिक्का शामिल है। राम मंदिर की थीम पर आधारित सिक्के की एक ओर राम लला और दूसरी ओर राम मंदिर की तस्वीर है। उन्होंने इस दौरान सिक्यूरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कोरपोरेशन आफ इंडिया (एसपीएमसीआइएल) के कार्यक्रम में उपस्थित कर्मियों को संबोधित भी किया। उन्होंने एसपीएमसीआइएल के कर्मचारियों से कहा कि वे भारत की विकसित देश की यात्रा में प्रासंगिक बने रहने के तरीकों पर आत्मनिरीक्षण करें। सीतारमण ने कहा कि आप डिजिटल युग में कार्य कर रहे हैं। इसलिए आपको आत्मनिरीक्षण करना होगा कि ऐसा आपके पास भविष्य के लिए क्या होगा। यह मैं आप पर छोड़ता हूं कि आप कैसे इसे लेकर बदलाव करेंगे। आप किस तरह एक विकसित भारत और नए डिजिटल भारत के साथ सामंजस्य बिठाएंगे जो हर क्षेत्र में तकनीक की मदद से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एसपीएमसीआइएल की ई-पासपोर्ट ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम जीवन को आसान बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### चुनाव के बाद हिंसा: सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को दिया नोटिस

## निचली अदालतों में सुनवाई पर अंतरिम रोक

एजेंसी | नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में 2021 मे राज्य चुनाव के बाद हुई हिंसा मामले मे सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों में चल रही सुनवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने ये अंतरिम आदेश सीबीआई की उस याचिका पर दिया है, जिसमें सीबीआई ने मांग की है कि राज्य में चुनावों के बाद हुई हिंसा के मामलों की सुनवाई राज्य से बाहर ट्रांसफर कर दी जाए। अपनी याचिका में सीबीआई ने आरोप लगाया है कि राज्य में गवाहों को धमकाया जा



रहा है और राज्य की एजेंसियां मूकदर्शक बनी है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजय करोल की बेंच ने सीबीआई की इस याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार और दूसरे पक्षकारों से जवाब मांगा है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी।

### NHRC की जांच पर भी ऐतराज

हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय समिति के गठन का आदेश दिया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राज्य में चुनाव के बाद की हिंसा से विस्थापित लोग अपने घर लौट सकें। इसके बाद NHRC ने सात सदस्यीय समिति का गठन किया, जिसने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि हत्या और बलात्कार सहित गंभीर अपराधों को जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया जाना चाहिए और ऐसे मामलों की सुनवाई राज्य के बाहर की जानी चाहिए। हालांकि, राज्य सरकार ने NHRC की जांच पर भी ऐतराज जताया था।

### सरकार की अनुमति के बिना जांच कर रही CBI

पश्चिम बंगाल सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट मे याचिका दाखिल कर कहा है कि सीबीआई राज्य सरकार की अनुमति के बिना जांच कर रही है। राज्य सरकार की इस याचिका पर भी सुप्रीम कोर्ट सितंबर 2021 मे केंद्र सरकार से जवाब मांगा था। दरअसल, कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

### स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़ा फैसला

## पीएम मोदी देश को 10 दिन में देंगे 7 नए एम्स की सौगात

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले केंद्र सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़ा फैसला लेने जा रही है। अगले 10 दिनों में 7 एम्स की सौगात देशवासियों को केंद्र सरकार देगी।

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री बहुत जल्द 6 एम्स राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वहीं, रेवाडी एम्स का शिलान्यास 16 फरवरी को पीएम मोदी द्वारा किया जाना है। एम्स के स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के लिए लगभग 10,200 करोड़ रुपये का भारी बजटीय आवंटन सरकार की तरफ से दिया गया है।

जिन 6 एम्स का पीएम उद्घाटन करने जा रहे हैं वो हैं गुजरात में राजकोट, पंजाब में बठिंडा, रायबरेली, पश्चिम बंगाल में कल्याणी और आंध्र प्रदेश में मंगलगिरि तथा जम्मू में अवंतीपुर। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को हरियाणा के रेवाड़ी का दौरा करेंगे। इस दौरान वह शहरी परिवहन, स्वास्थ्य, रेल और पर्यटन क्षेत्र से संबंधित 9,750 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इसके मुताबिक, वह रेवाड़ी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखेंगे और रेलवे की कुछ परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित भी करेंगे।

### उत्तर भारत में तापमान में आएगी गिरावट

# फिर बदलेगा मौसम, बारिश-तूफान और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट

■ आज से नया पश्चिमी विक्षोभ भी हुआ सक्रिय

एजेंसी | नई दिल्ली

अगले 36 से 48 घंटे के भीतर उत्तर भारत में मौसम एक बार फिर तेजी से बदलने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश समेत दिल्ली एनसीआर के हिस्सों में न सिर्फ तेज बारिश होने वाली है, बल्कि पहाड़ों पर भी भारी बर्फबारी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मौसम विभाग



के वैज्ञानिकों का मानना है कि इस दौरान एक बार फिर से तापमान में गिरावट दर्ज हो सकती है। यह मौसम शुक्रवार से पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता के चलते बदलने जा रहा है। इसी बदलने वाले मौसम के अनुमान पर पूरे उत्तर भारत में ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक शुक्रवार दे रात से एक बार फिर उत्तर भारत के राज्यों में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बनने वाली है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि चंडीगढ़ समेत हरियाणा के कुछ हिस्सों में 18 और 19 फरवरी को तेज बारिश हो सकती है।

हालांकि तेज बारिश एक साथ इन दोनों राज्यों में नहीं होगी। अनुमान के मुताबिक कुछ अलग-अलग हिस्सों में तेज बारिश, तो कहीं पर तूफान और ओले गिरने की संभावना जताई गई है।

### पंजाब में भी तेज बारिश का अनुमान

हरियाणा और चंडीगढ़ के अलावा पंजाब में भी तेज बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है। विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक पंजाब में रविवार रात से सोमवार दिन में तेज बारिश हो सकती है। जबकि जम्मू कश्मीर समेत लद्दाख के कई हिस्सों में तेज बारिश और भारी बर्फबारी का भी अनुमान लगाया गया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक इन इलाकों में शनिवार शाम से मौसम बदलना शुरू हो जाएगा। लद्दाख और कश्मीर के ऊपरी हिस्से में होने वाली बर्फबारी को लेकर स्थानीय प्रशासन और अन्य विभागों को भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। तेज बारिश की आशंका जताते हुए संबंधित राज्यों को भी एडवाइजरी और अलर्ट जारी किया गया है।

### पहाड़ों पर बर्फबारी की संभावना

इसी तरह उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी तेज बारिश और बर्फबारी का अनुमान लगाया जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में 18 और 19 फरवरी को तेज बारिश और बर्फबारी का मौसम बन रहा है। इस दौरान हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में न सिर्फ तेज बारिश, बल्कि ओलावृष्टि का अनुमान है। पिछले। दिनों पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के दौरान हिमाचल के जिन इलाकों में बर्फबारी हुई थी, वहां पर एक बार फिर से तेज बर्फबारी हो सकती है। इसी के साथ उत्तराखंड में भी 19 फरवरी को तेज बर्फबारी और बारिश का अनुमान लगाया गया है। भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि 17 फरवरी की देर शाम से एक बार फिर उत्तर पश्चिमी हिमालयन रीजन में वेस्टर्न डिस्टरबेंस की सक्रियता बढ़ने वाली है। इसका असर सिर्फ उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों पर ही नहीं बल्कि मैदानी इलाकों में भी पड़ने वाला है।

## जैन सोशल ग्रुप जेम सिटी के कार्यक्रम 'शिमरिंग हार्ट' में थिरके जयपुराइट्स

# 'देहली बैंड' के संग कपल्स ने मिलाई ताल
# खुद की वैलेंटाइन क्लिप को किया एंजॉय







**बेधड़क | जयपुर**
जैन सोशल ग्रुप जेम सिटी की ओर से टोंक रोड पर एक बैंक्वेट में वेलेंटाइंस थीम पर 'शीमरिंग हार्ट' कार्यक्रम सेलिब्रेट किया गया, जिसमें मैंबर्स खास प्रोग्राम को चीयर करते दिखाई दिए। ग्रुप अध्यक्ष रवि जैन और प्रोग्राम समन्वयक मनी कुमार जैन ने बताया कि जेम सिटी ने अपने 280 से अधिक कपल सदस्यों के लिए प्रोग्राम का आयोजन किया।

### डांस परफॉर्मेंस से किया मंत्र मुग्ध

कार्यक्रम स्थल को रंग बिरंगी लाइट्स और कैंडल्स से सजाया गया और थीम के अनुसार पुरुष डार्क सूट और महिला रेड और ब्लैक परिधान में आए। प्रोग्राम को यादगार बनाने के लिए इंडियन आइडल 13 की फाइनलिस्ट शीर्शा रक्षित और सारेगामा फेम अंजूशा शर्मा ने देहली के बैंड के साथ ताल से ताल मिलाकर गाने गाए। दिल्ली की डांस टीम ने विभिन्न गानों पर डांस परफॉर्म कर मंत्र मुग्ध कर दिया।

### नमोकर मंत्र से हुई शुरुआत

शुरूआत नमोकर मंत्र के साथ की गई। साथ ही ग्रुप के 50 से अधिक कपल मेम्बर ने स्वयं पर तैयार किगए गए वेलेंटाइन क्लिप को एलइडी स्क्रीन पर दिखाया। तीन बेस्ट चुनींदा विडियो को सम्मानित किया गया।

### यादगार पलों को सहेजा

कार्यक्रम संयोजक कपिल जैन और मुकुल कटारिया, सह-संयोजक राजेश जैन ने बताया कि प्रोग्राम को ब्लैक एंड रेड थीम पर ही सजाया गया। जगह-जगह हार्ट शेप में फोटो बूथ बनाए गए। कपल ने मोबाइल से वीडियो और फोटो बनाकर जीवन साथी के साथ यादगार पलों को सहेजा।

## वाल्मीकि महासंगम 18 को



**बेधड़क. जयपुर।** महर्षि मात्रंग नवल स्वामी के 241 वें जन्मोत्सव पर 18 फरवरी को बिड़ला सभागार में राज्य स्तरीय वाल्मीकि महासंगम होगा। कार्यक्रम संयोजक विकास नरवार ने बताया कि राष्ट्रीय संत बालयोगी एवं सिद्ध क्षेत्र वाल्मीकी धाम उज्जैन पीठाधीश्वर उमेश नाथ कार्यक्रम में मुख्य आशीर्वाददाता रहेंगे। मंच का संचालन बॉलीबुड अभिनेता और महाभारत के अर्जुन फिरोज करेंगे। राजस्थान के कोटा, बूंदी सहित पूर्वी राजस्थान से आने वाले वाहन शिवदासपुरा टोल से रोड शो के रूप में बिड़ला सभागार पहुंचेंगे। बता दें कि अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बनने के बाद राजस्थान में उमेश नाथ का पहली बार आगमन हो रहा है। इस दौरान महाराज का भव्य स्वागत किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ने उमेश नाथ महाराज को मध्य प्रदेश से राज्यसभा का उम्मीदवार भी बनाया है।

## गैटेश्वर संगीत समारोह 8 को

**बेधड़क. जयपुर।** प्राचीन सांस्कृतिक केंद्र श्रीगैटेश्वर कला संस्थान की ओर से ऐतिहासिक गैटोर की छतरियां स्थित प्राचीन शिवालय श्रीगैटेश्वर में 57वां संगीत समारोह महा शिवरात्रि पर 8 मार्च को होगा। संस्था मंत्री ओपी चांडक ने बताया कि समारोह में कलाकार सैकड़ों श्रोताओं के समक्ष भक्ति, सुगम व फोक संगीत की प्रस्तुति देंगे।

## वुमंस ने की 'सदाचार' पर बात



**बेधड़क. जयपुर।** मातृत्व की संकल्पना और मातृशक्ति के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से गठित विश्व मांगल्य सभा जयपुर प्रांत की प्रथम मासिक सदाचार सभा बनीपार्क स्थित दक्षिणेश्वर गणेश मंदिर में संपन्न हुई। संस्था की राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री पूजा देशमुख व अध्यक्षा अपर्णा अग्रवाल ने महिलाओं को संबोधित किया। शक्ति गान के साथ प्रारंभ हुई सभा में पूजा देशमुख ने गोविंद गिरी महाराज की पुस्तक रामायण के अंतरंग के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि राम चरित मानस हमारे देश के चरित्र को कैसा होना चाहिए बताती है। राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न हमारे देश के चरित्र के चार स्तंभ हैं, जिनसे हम मर्यादा, निश्चलता, सेवा, समर्पण, भक्ति सीख सकते हैं। सभा की सदस्या पल्लवी शर्मा ने स्वाध्याय के समय कोटा में रह रहे बच्चों की मानसिक स्थिति पर विचार रखे। प्रारंभ में महिलाओं ने योग कर पंचशील श्लोक का गायन किया। बौद्धिक खेल खेलने के साथ ही विभिन्न विषयों पर सभी ने विचार रखे गए।

## City इवेंट्स

### प्लेयर्स ने मैचों में दिखाया दमखम



**बेधड़क, जयपुर।** प्लेयर्स ने विभिन्न मैचों में अपने कला कौशल को दर्शाते हुए जीत हासिल की। निविक टेबलिंटन में उत्कृष्ट खेल दिखाने वाले प्रदेश भर के प्लेयर्स सेमिफाइनल तक गए। टूर्नामेंट के मुख्य संयोजक डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि बैडमिंटन, टेबल टेनिस और कैरम के मैच हुए। बैडमिंटन संयोजक डॉ. मणि दुबे व डॉ. दिवाकर भार्गव ने बताया कि टीम इवेंट में वर्ग में यू डेंट ने डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. मणि दुबे व डॉ. अलका जैन के सराहनीय खेल 3-1 से जीत हांसिल करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एक अन्य टाई में के डी जी ने रेजुवेना को 5-3 से हराया। सुविरा ने अपैक्स को 5-3 से हराया। टेबल टेनिस संयोजक डॉ. अजय नायर व डॉ. संकल्प अवस्थी ने बताया, कि टेबल टेनिस टीम इवेंट में दाना शिवम ने जीत हासिल की। कैरम संयोजक डॉ. अजित जैन ने बताया कि परतानी ने 4D को हराकर अपने पूल में अव्वल रही और सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### ब्रह्म योग में आज निकलेगी रथ यात्रा

**बेधड़क, जयपुर।** माघ शुक्ल पक्ष सप्तमी शुक्रवार को मनाई जाएगी। इस मौके पर भगवान भास्कर का पूजन कर आदित्य सहस्त्रनाम स्त्रोत का पाठ किया जाएगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि माघ मास की सप्तमी तिथि को संतान सप्तमी, सूर्यरथ सप्तमी, अर्क सप्तमी, अचला सप्तमी, भानु सप्तमी, आरोग्य सप्तमी के नाम से भी जाना जाता है। रथ सप्तमी पर सुबह से ब्रह्म योग, भरणी नक्षत्र और कृतिका नक्षत्र रहेगा। ऐसे में उगते सूर्य को प्रणाम कर अर्घ्य देंगे। सूर्य सप्तमी पर गलता की पहाड़ी स्थित सूर्य मंदिर से छोटी चौपड़ तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। रथ में सूर्य भगवान की प्रतिमा विराजमान रहेगी।

### सात समंदर पार दिखाई दी हमारी विरासत



**बेधड़क, जयपुर।** आईएनआईएफडी और एलएसटी ने न्यूयॉर्क फैशन वीक में स्टाइल-फॉरवर्ड सिल्हूट, बोल्ड प्रिंट और ट्रेंडी रंग शोकेस किए। टिकाऊ कपड़ों से तैयार संग्रह खास रहा। जैविक, पुनर्नवीनीकृत और हाथ से बुनी सामग्रियों को डिजाइनों में एकीकृत किया गया तो हर कोई उनको देखकर रोमांचित नजर आया। समकालीन पर्यावरणीय चेतना के साथ पारंपरिक भारतीय हस्तशिल्प का संलयन इस दौरान दर्शाया गया। पहला कलेक्शन आमेर की खूबसूरत विरासत से प्रेरित था और इसलिए उन्होंने बीड वर्क के साथ राजस्थान की हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग में वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन किया। दूसरा संग्रह मैक्रैम और बीड में बॉक्सी सिल्हूट में कुंभलगढ़, राजस्थान की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए बनाया गया।

## संवाद प्रवाह में कावड़ सृजन पर चर्चा

# कला प्रेमियों ने सुना 500 सालों से प्रचलित पारंपरिक कावड़ वाचन



**बेधड़क | जयपुर**
जवाहर कला केन्द्र में दो समुदायों के सामंजस्य से पिछले 500 सालों से पल्लवित कावड़ सृजन और वाचन परम्परा पर विशेषज्ञों ने प्रकाश डाला। कला संसार मधुरम के तहत संवाद प्रवाह हुआ। कावड़ निर्माण के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित बस्सी, चित्तौड़गढ़ निवासी द्वारिका प्रसाद सुथार और वाचन परम्परा के अनुयायी जोधपुर की भोपालगढ़ तहसील स्थित सुदूर गांव से पहुंचे नरसी राम भाट बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। विजुअल आर्ट और परफॉर्मिंग आर्ट की युवा कलाकार आशु और खुशी ने मंच साझा किया। 18 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षक द्वारिका प्रसाद और सह प्रशिक्षक गोविंद लाल सुथार से कावड़ निर्माण की बारीकियां सीखी।

द्वारिका प्रसाद सुथार ने बताया कि नरसी राम भाट ने अपने साथ लाई गई कावड़ पर अंकित 52 कथाओं को सुनाया। उन्होंने बताया कि कावड़िया भाट समुदाय का मुख्य कार्य अपने जजमानों की वंशावली तैयार करना और कावड़ वाचन है। नरसी राम का कहना है कि भाट समुदाय श्रवण कुमार का अनुयाई हैं।

माना जाता है कि कावड़ परम्परा सतयुग से चली आ रही है। कावड़ पर चित्रों के रूप में कथा अंकित होती हैं। एक-एक कर पाट खुलते हैं और कहानी बदलती है। चित्रों के अनुसार पिंगल भाषा में कथा सुनाई जाती है। इस दौरान दर्शकों ने सवाल जवाब भी किए।

## वार्षिक उत्सव का परंपरागत आगाज

# सुबह झंडारोहण, शाम को भजन संध्या के साथ ही जैन हाऊजी



**बेधड़क | जयपुर**
मानसरोवर के वरुण पथ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर के वार्षिकोत्सव पर 2 दिवसीय आयोजन का आगाज हुआ। जयकारों के बीच राजेंद्र कुमार-राजकुमारी कासलीवाल ने झंडारोहण विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर अतिथियों का तिलक, माल्यार्पण व साफा पहनाकर समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत व सम्मान किया। पंडित प्रद्युमन शास्त्री ने मंत्रोचार से कार्यक्रम को विधिवत संपन्न कराया। राजेंद्र सोनी, ज्ञान बिलाला, कैलाश सेठी, विनेश सोगानी, मुकेश कासलीवाल, वीरेश जैन टीटी, अनिल दीवान, सुरेश जैन बांदीकुई, अजीत जैन बी ओ बी, निर्मल शाह, संतोष कासलीवाल, सतीश कासलीवाल, हेमेंद्र सेठी, जेके जैन, मानसरोवर महिला मंडल की अध्यक्ष सुशीला टोंग्या, अर्चना सोनी, कनकलता जैन, अंजू बज, नीता जैन, प्रीति सोगानी, आशा सेठी, रजनी लुहाड़िया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। समाज समिति के मंत्री ज्ञान बिलाला ने बताया कि सायंकालीन कार्यक्रमों की शृंखला में संगीतमय आरती, भजन संध्या व जैन धार्मिक हाऊजी का आयोजन किया गया। विनेश सोगानी ने बताया कि शुक्रवार सुबह 7:30 बजे मानस्तंभ की प्रतिमाओं का अभिषेक व शांति धारा करने के बाद भगवान महावीर पूजा विधान का वृहद रूप में आयोजन किया जाएगा। इन्द्र-इन्द्रणियों के 108 जोड़े मंडल पर अर्घ्य समर्पित करेंगे। महाआरती के बाद समापन होगा।

**फनगामा** | राष्ट्रीय बाल नाटय समारोह में युवाओं ने दिए मैसेज

# 'आस' में झलकी राजस्थान के किसानों की पीड़ा

**बेधड़क | जयपुर**
राजस्थानी शान पगड़ी, पोशाक और धोती-कुर्ता का रंग मंच पर दिखाई दिया तो संस्कृति के साथ प्रदेश की खुशबू भी दिखाई दी। युवाओं ने मंच प्रस्तुतियों से मैसेज देते हुए अवेयर किया। ऐसे में प्रदेश के कई कोनों की कला के दर्शन एक स्थान पर हुए।

ये सब देखने को मिला फनगामा राष्ट्रीय बाल नाटय समारोह सीजन-4 की शुरुआती प्रस्तुतियों में। इस दौरान शुरुआत बाल नाटक 'आस' से शुभारंभ किया गया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और क्यूरिओ चिल्ड्रंस थिएटर एंड परफॉर्मिंग आर्ट सोसायटी की ओर से फनगामा में पद्मश्री विजयदान देथा की लोक कथा आशा अमरधन पर नाटक का रवींद्र मंच पर मंचन हुआ।



'जिसका काम, उसी को साजे'

समारोह की शुरुआत में सतीश गोदारा-जिला न्यायाधीश, मंजरी किरन-कथक गुरु, शैल जोशी-लेखिका, सुषमा नरूला-आकाशवाणी आर जे प्रसार भारती ने की। सीरीज 'जिसका काम, उसी को साजे' के अंतर्गत बाल और बड़ों की प्रस्तुति 'आस' जिसका नाटय रूपांतरण शैल जोशी ने किया है और निर्देशन डॉक्टर कपिल शर्मा का है, का मंचन किया गया। बाल नाटक में राजस्थान के किसानों की पीड़ा को दर्शाया। साथ ही मानव को कैसे विपरीत परिस्थितियों में भी साहस बनाए रखना चाहिए, जैसा संदेश दिया।

### आशा सबसे बड़ा धन

कलाकारों ने राजस्थान की मिट्टी के रस और शौर्य के साथ श्रृंगार, करुणा और भी न जाने कितनी बातों को दर्शाया। यहां के कण-कण में गाथा, इतिहास, मानवीय मूल्य की गाथा भी पिरोई गई। साथ ही विकट परिस्थितियों में किस तरह मानवीय मूल्य, मानवता, प्रेम सब छिन्न-भिन्न हो जाते हैं का सशक्त प्रमाण दिया गया। नाटक ने बताया कि जीवन की विवशताओं में भी आशा एक ऐसा धन है, जो कभी खत्म नहीं होता।

### इन्होंने किया अभिनय

अर्जुन देव, रिचा पालीवाल, समर्थ शांडिल्य, तनु नाथावत, अथर्व चौधरी, खुशी, सांची जैन, आशीष मिश्रा, देव लालवानी, कमल जांगिड़ ने अभिनय किया। संगीत धीरेंद्र व कपिल का था, सहायक अर्जुन भट्ट, प्रेरणा शर्मा व अधृत शर्मा रहे।

### आज होगा रुद्र शैशव का मंचन

फनगामा में शुक्रवार को बीकानेर का नाटक रुद्र शैशव (अवरुद्ध बचपन) का सुबह 10:30 बजे मंचन किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश भर के कलाकार परफॉर्म करेंगे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024





सफलता एक यात्रा है, मंजिल नहीं। इसके लिए निरंतर प्रयास, सतर्कता और पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### इंडोनेशिया में राष्ट्रपति पद के लिए हुई वोटिंग, एक महीने में आएंगे अंतिम नतीजे

## सुबिआंतो ने परिणाम से पहले किया जीत का दावा



**एजेंसी** | जकार्ता

दुनिया के तीसरे सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश इंडोनेशिया में नए राष्ट्रपति के लिए मतदान के बाद वोटों की गिनती का काम शुरू हो गया है। शुरुआती रुझान आने के बाद कई एजेंसियों के चुनाव पूर्व सर्वे में अन्य सबसे आगे बताए जा रहे प्रबोवे सुबिआंतो ने आंकड़ों के आधार पर राष्ट्रपति चुनाव में जीत का दावा किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इंडोनेशियाई मतदान एजेंसियों द्वारा की गई प्रारंभिक और अनौपचारिक वोटों की गिनती के अनुसार, सुबिआंतो को 57 प्रतिशत से 59 प्रतिशत के बीच वोट मिले। इनमें से 80 प्रतिशत से अधिक वोट मतदान स्थलों पर सैंपल के तौर पर गिने गए। राष्ट्रपति पद के अलावा उपराष्ट्रपति और संसदीय प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए भी वोट डाले गए हैं। निर्वाचन आयोग के प्रमाणित त्वरित-गणना केंद्रों से शुरुआती रुझान और अनौपचारिक परिणाम जल्दी ही मिलने की उम्मीद है लेकिन आधिकारिक और अंतिम नतीजे करीब एक महीने में आएंगे। इंडोनेशिया के चुनाव अमेरिका और चीन की भी नजर है।

### मौजूदा सरकार में रक्षामंत्री हैं सुबिआंतो

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति बनने के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में हैं- गंजर प्रणोवो, अनीस बासवेदन और प्रबोवो सुबिआंतो। प्रबोवो सुबिआंतो मौजूदा रक्षा मंत्री हैं और सेना की स्पेशल फोर्स में कमांडर रह चुके हैं। राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे उम्मीदवार, गंजर प्रणोवो केंद्रीय जावा प्रांत के पूर्व गवर्नर हैं। उनकी उम्मीदवारी को इंडोनेशियन डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ स्ट्रगल ने समर्थन दिया है। राष्ट्रपति पद के तीसरे उम्मीदवार अनीस बासवेदन हैं। अनीस इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के गवर्नर रह चुके हैं। कई एजेंसियों के चुनाव पूर्व सर्वे कहते हैं कि सुबिआंतो बाकी दोनों उम्मीदवारों से आगे हैं।

**20 करोड़ मतदाता, जीत के लिए चाहिए 50% वोट**

इंडोनेशिया ने 1998 में लोकतंत्र को अपनाया था। इंडोनेशिया की 27 करोड़ की आबादी में करीब 20 करोड़ लोग मतदाता हैं। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लिए उम्मीदवार को कुल वोटों के 50 फीसदी और सभी राज्यों में 20 फीसदी वोट मिलने चाहिए। अगर कोई भी उम्मीदवार 50 फीसदी से ज्यादा वोट पाने में सफल नहीं होता है तो सबसे ज्यादा वोट पाने वाले दो प्रत्याशियों के बीच दोबारा चुनाव कराया जाएगा। अक्टूबर में इंडोनेशिया में नया राष्ट्रपति शपथ लेगा।

### ब्रिटेन में भारतीय महिला से नस्लभेद मामले में आदेश

## 4.70 करोड़ का मुआवजा

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन के पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय को भारतीय महिला काजल शर्मा को 4 लाख 50 हजार पाउंड (4.70 करोड़ रुपए) का भुगतान करना होगा, क्योंकि काजल को विश्वविद्यालय परिसर में नस्लीय भेदभाव का शिकार होना पड़ा था। साउथेम्प्टन रोजगार ट्रिब्यूनल ने यूनिवर्सिटी को ये आदेश दिया है।

ट्रिब्यूनल ने पाया कि काजल शर्मा के साथ पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय में उनके लाइन मैनेजर प्रो. गैरी रीस ने नस्लीय भेदभाव किया था। प्रो. रीस ने बिना किसी स्पष्ट कारण काजल को पांच साल तक नौकरी करने के बाद उसी भूमिका में फिर से नियुक्त नहीं किया और बिना किसी कारण उनके स्थान पर एक श्वेत महिला को भर्ती कर लिया।




ट्रिब्यूनल ने आदेश में कहा कि डॉ. काजल शर्मा के कौशल, क्षमताओं और आकांक्षाओं को पहचानने में उनकी अनिच्छा और श्वेत कर्मचारियों को समर्थन और प्रोत्साहन प्रोफेसर के पूर्वाग्रह की ओर इशारा करते हैं। इस पूर्वाग्रह का मतलब उसे फिर से नियुक्त ना करना एक नस्लीय भेदभाव था। गौरतलब है कि काजल शर्मा संगठनात्मक अध्ययन और मानव संसाधन प्रबंधन के एसोसिएट प्रमुख के रूप में पांच साल की निश्चित अवधि के अनुबंध पर थीं, जो 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त हो गया। उन्हें इस पद के लिए फिर से आवेदन करना पड़ा लेकिन उनको फिर से नहीं चुना गया।


### बिना वजह किया परेशान

प्रो. रीस ने काजल को यह नहीं बताया कि क्यों उनका आवेदन अस्वीकार कर दिया गया। उनसे प्रतिक्रिया मांगी गई तो कोई भी जानकारी प्रदान नहीं की गई। ट्रिब्यूनल ने निष्कर्ष निकाला कि चयन की प्रक्रिया नस्लीय भेदभाव से प्रेरित थी और प्रो. रीस ने कई विशिष्ट घटनाओं में नामित श्वेत कर्मचारियों के साथ उसके साथ अलग व्यवहार किया। ट्रिब्यूनल ने पाया कि काजल के पिता की 8 जनवरी, 2016 को भारत में मृत्यु हो गई थी। जब उसने रीस को बताया कि उसे भारत जाना है, तो उसने जाने से पहले विभिन्न कार्यों को पूरा करने के लिए कहा।

### असांजे की रिहाई के लिए संसद में प्रस्ताव

## अमेरिका और ब्रिटेन पर बना दबाव बना रहा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी, मेलबर्न। विकीलीक्स संस्थापक जूलियन असांजे की स्वदेश वापसी के पक्ष में आस्ट्रेलियाई संसद में एक प्रस्ताव पारित हुआ है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि उन्हें असांजे के मुकदमे के सौहार्द्रपूर्ण अंत की उम्मीद है, क्योंकि सांसदों ने आस्ट्रेलियाई नागरिक को अपने घर लौटने की अनुमति देने के लिए एक प्रस्ताव पारित करके अमेरिका और ब्रिटेन पर दबाव बढ़ाया है। गौरतलब है कि जूलियन असांजे पर अपनी वेबसाइट के जरिए अमेरिका की गोपनीय जानकारी लीक करने का आरोप है। पिछले साल आस्ट्रेलिया की यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इसे गंभीर अपराध बताया था। दरअसल, ब्रिटेन की हाई कोर्ट अमेरिकी प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील पर सुनवाई करने वाली है। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने विकीलीक्स के पक्ष में प्रस्ताव पास कर दबाव बनाने की कोशिश की है। आस्ट्रेलियाई पीएम ने कहा कि चाहे लोग कहीं भी खड़े हों यह चीज अनिश्चित काल तक नहीं चल सकती। असांजे के समर्थन में एक प्रस्ताव लाने के लिए निर्दलीय सांसद एंड्यू विल्की को उन्होंने बधाई दी।



## गोलीबारी में एक की मौत, 22 घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका की कैनसस सिटी में हुई गोलीबारी की एक घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 22 लोग घायल हुए हैं। कैनसस सिटी चीफ्स सुपर बाउल परेड के समापन के दौरान ये गोलीबारी की गई। कैनसस सिटी पुलिस विभाग की पुलिस प्रमुख स्टेसी ग्रेव्स ने बताया कि 22 लोग गोली से घायल हुए हैं। वहीं सात लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। इस घटना के संबंध में तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया।

### आपराधिक मुकदमे पर रोक लगाने की मांग

## सप्ताह में दूसरी बार सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ट्रंप

**एजेंसी** | वॉशिंगटन


पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट से अपील अदालत के उस फैसले पर रोक लगाने की मांग की है जिसमें उनपर 2020 के चुनाव परिणामों को पलटने की कोशिशों के लिए आपराधिक रूप से मुकदमा चलाने की अनुमति दी गई है। ट्रंप के वकीलों ने तर्क दिया कि अगर किसी राष्ट्रपति पर पद पर रहते हुए किए गए कार्यों के लिए आपराधिक आरोप लग सकते हैं, तो यह एक ऐसी मिसाल कायम करेगा जिससे और भी मुकदमे और बदले का विनाशकारी चक्र चल सकता है। उन्होंने दावा किया कि आपराधिक मुकदमे से छूट के बिना, राष्ट्रपति पद का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। उन्होंने बिना किसी रोक-टोक के शक्ति वाले राष्ट्रपति पद की वकालत की। यह एक सप्ताह में दूसरी बार है जब ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। वह अपने राजनीतिक भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए निचली अदालतों के फैसले में हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। पिछले सप्ताह उन्होंने एक अलग मामले में कोलोराडो की अदालत के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत के के हस्तक्षेप की मांग की थी, जिसमें फैसला दिया गया था कि उन्हें विद्रोह के कारण चुनाव से हटाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट फैसले को पलटने के लिए इच्छुक है।

### उल्कापिंड के सैंपल की जांच में जुटे वैज्ञानिक

## अंतरिक्ष में जीवन की खबर देगा 'बेन्नू'

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

नासा कुछ महीनों पहले उल्कापिंड बेन्नू का सैंपल धरती पर लाया है। अब इस सैंपल के टुकड़ों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिस मिशन के जरिए यह सैंपल लाया गया, उसका नाम OSIRIS-REx है। सात साल की लंबी यात्रा के बाद 24 सितंबर 2023 को उल्कापिंड के टुकड़ों वाला कनस्तर अमेरिका के यूटा में उतरा। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसमें 4.5 अरब साल पहले सौर मंडल के निर्माण से जुड़े सबूत के अवशेष मिल सकते हैं। Space.com की रिपोर्ट के मुताबिक इसकी जांच से जुड़े दो वैज्ञानिकों से उसने मुलाकात की। एरिजोना यूनिवर्सिटी की कुइपर-एरिजोना प्रयोगशाला में शोधकर्ता परमाणु स्तर तक इसकी जांच करने में लगे हैं।



### उल्कापिंड में मिला पानी

उल्कापिंड बेन्नू के नमूनों में मिट्टी जैसे खनिजों में प्रचुर मात्रा में पानी भरा हुआ है। ये कार्बन, नाइट्रोजन, सल्फर और फॉस्फोरस से भी भरे हैं। यह नमूने पृथ्वी पर ऐसी सामग्री के सबसे बड़े प्राचीन भंडार हैं। लॉरेटा ने कहा, 'हम लंबे समय तक व्यस्त रहेंगे, क्योंकि यह हमारे लिए एक बड़ी मात्रा है।' बेन्नू के नमूनों का दुनिया भर में अध्ययन किया जा रहा है। इसकी अभी कोई खास डिटेल सामने नहीं आई है। इसके बारे में ज्यादा जानकारी अगले महीने टेक्सास के वुडलैंड्स में आयोजित 55वें चंद्र और ग्रह विज्ञान सम्मेलन में दी जाएगी।

### पानी वाले ग्रह से अलग हुआ उल्कापिंड?

लॉरेटा के मुताबिक मार्च में इससे जुड़ी खोज जारी की जाएगी। इसलिए टीम उत्साहपूर्वक काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे कलेक्शन में मौजूद कोई भी एस्टेरॉयड आइसोटोपिक रूप से इससे अलग है। अगर हम सिर्फ उल्कापिंडों के भरोसे रहते तो हमारे पास जो नमूने हैं वो कभी न मिलते। ज्यादातर उल्कापिंड जो अंतरिक्ष से गिरते हैं उनकी उत्पत्ति का पता लगाना आसान नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा, 'बेन्नू के सैंपल में फॉस्फेट क्रस्ट है, जो पहले कभी उल्कापिंडों में नहीं देखा गया।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl